राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 276
लखनऊ, सोमवार 8 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का हुआ अनावरण, उमड़ा जनसैलाब 10

आने वाले दिनों में बिखर जाएगा इंडी गठबंधन : पंकज चौधरी 03


### आधारभूत साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान को नई ऊंचाई देने की दिशा में बड़ा कदम

# योगी सरकार कक्षा पांच तक मजबूत करेगी सीखने की बुनियाद

### निपुण 2.0 : शिक्षकों व विशेषज्ञों के परामर्श से तैयार होगा निपुण विस्तार का नया शैक्षणिक ढांचा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा सुधार के अगले चरण की तैयारी में जुट गई है।

निपुण भारत मिशन के माध्यम से कक्षा 1 से 3 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के बाद अब सरकार इसकी पहुंच कक्षा 5 तक बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण अध्ययन ईवीएस विषयों के लिए नए अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं निर्धारित की जा रही हैं। इन दक्षताओं और लक्ष्यों को 20 जून तक अंतिम रूप देकर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। कार्य-योजना अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में निपुण भारत मिशन के विस्तार, कक्षा 3 से 5 तक अधिगम लक्ष्यों के निर्धारण, शिक्षक परामर्श प्रक्रिया तथा क्रियान्वयन रणनीति की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी के आधार पर मिशन के अगले चरण की रूपरेखा को आगे बढ़ाया जा रहा है।

सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति को मापा जा सके और शिक्षण प्रक्रिया को उसी के अनुरूप संचालित किया जाए। हिंदी और गणित विषयों के लिए प्रारूप अधिगम लक्ष्य तैयार कर लिए गए हैं। आगामी चरण में अंग्रेजी और ईवीएस विषयों के लिए भी लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

निपुण 2.0 की रूपरेखा व्यावहारिक और विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

इस दिशा में 12 शिक्षकों के साथ वर्चुअल परामर्श आयोजित किया जा चुका है। कम से कम 10 शिक्षकों की सहभागिता के साथ परामर्श कार्यशाला आयोजित कर प्रस्तावित दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों का सत्यापन एवं परिष्करण किया जाएगा। कक्षा 3 से 5 के लिए दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद निपुण संकल्प कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

### बच्चों की सीखने की मजबूत बुनियाद ही भविष्य की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार

बच्चों की सीखने की मजबूत बुनियाद ही भविष्य की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार बनती है। माना जा रहा है कि इसी सोच के अनुरूप योगी सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे कक्षा 3, 4 और 5 के विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में निरंतर सुधार किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन शिक्षा सुधार का मजबूत आधार बन चुका है। अब निपुण 2.0 के माध्यम से सरकार आधारभूत शिक्षा सुधार को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही है। कक्षा 3 से 5 तक मिशन के विस्तार से बच्चों की सीखने की निरंतरता मजबूत होगी, विषयगत समझ बेहतर होगी और विद्यालयों में अधिगम परिणामों को नई गति मिलेगी। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा एनसीएफ परख और एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों के आधार पर दक्षताओं का मानचित्रण पूरा कर लिया गया है। इसके आधार पर विषयवार और कक्षावार अधिगम अपेक्षाओं को निर्धारित किया जा रहा है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को परिणामोन्मुखी बनाया जा सके।





मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

वर्षा ऋतु में अलग-अलग **कीट-पतंगों की आवाज, गर्मियों की रातों में जुगनुओं की चमक, भोर में गौरैयों की चहचहाहट और पेड़ों पर मैनाओं का कलरव, जो पहले दैनिक जीवन का हिस्सा थे, आज शहरों में लगभग दुर्लभ हो चुके हैं।** इनकी लुप्तप्राय: स्थिति चिंताजनक है और जीवन के लिए खतरे का सूचक।

**आधुनिकता आवश्यक है, परंतु प्रकृति से विमुख होकर नहीं। जीव-जंतु प्रकृति के सौष्ठव का प्रतीक मात्र नहीं, अपितु स्वस्थ पर्यावरण का श्रृंगार हैं।** प्रकृति का संतुलन भी छोटे-छोटे जीव-जंतुओं से बना रहता है। फसल उत्पादन से लेकर खाद्य श्रृंखला तक, प्रकृति के वृहत्तर चक्र में प्रत्येक जीव की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**सनातन संस्कृति में प्रकृति के प्रत्येक जीव को सृष्टि का अभिन्न अंग माना गया है। त्रिलोक में अजेय माने जाने वाले दशानन का संहार करने वाली प्रभु श्रीराम की सेना में वानर से लेकर ऋक्ष, जटायु और नन्ही गिलहरी तक का योगदान था।** यह मानव, प्रकृति तथा विभिन्न जीव-जंतुओं के परस्पर आश्रित रहने का परिचायक है।

9 वर्ष पूर्व जब हमने कार्यभार संभाला था, तब पर्यावरण संरक्षण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया था। **वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के सतत प्रयासों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में बाघों, तेंदुओं और राज्य पक्षी सारस की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आर्द्रभूमियों की रामसर सूची में प्रदेश के 13 स्थलों ने जगह बनाई है।** एक समय जिन जीवों और पक्षियों को उत्तर प्रदेश से विलुप्त माना जा रहा था, वे अब फिर से दिखाई देने लगे हैं। तराई के घास के मैदानों में अत्यंत दुर्लभ **जर्डन्स बैबलर** पक्षी वर्षों बाद दिखाई दिया। दुधवा टाइगर रिजर्व में **पेंटेड कीलबैक** नामक दुर्लभ सर्प की मौजूदगी 117 वर्ष बाद दर्ज की गई।

जैव विविधता के संरक्षण का प्रयास तभी सफल होगा, जब जन भागीदारी बढ़ेगी। **मैं सभी से, विशेषकर युवाओं से आग्रह करता हूं कि जब भी प्रकृति के बीच जाने का अवसर मिले, तो केवल पर्यटक बनकर नहीं, बल्कि जिज्ञासु विद्यार्थी की भांति उस स्थल को परखें।** प्रकृति का जीवंत संसार आपको इसके अनछुए रूपों से भी परिचित करा सकता है। **अपने अनुभवों को व्लॉग और आलेखों के माध्यम से साझा करें। ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चे इन्हें अपने स्कूली प्रोजेक्ट का विषय बनाएं।** प्रकृति के प्रति जागरूकता और अपनापन ही हमारी जैव विविधता के सबसे बड़े संरक्षक हैं।

आपका
योगी आदित्यनाथ

जैव विविधता हमारी सुरक्षा



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


### -: सर्राफा बाजार :-


| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,910/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,990/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



# वेस्ट एशिया की चुनौती बड़ी, हमको मिलेगी विजय : राजनाथ

### अंतरराष्ट्रीय जगत में बढ़ा है भारत का कद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रविवार को आलमबाग के टेढ़ी पुलिया क्षेत्र में कैंट मंडल-एक के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया की चुनौती पर चिंता जाहिर करने के साथ ही इसको बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि वेस्ट एशिया की चुनौती का मुकाबला करेंगे और विजय प्राप्त करेंगे। हर मोर्चे पर कामयाबी मिलेगी।

वेस्ट एशिया की चुनौती के कारण ही भारत में टोटल महंगाई 3.3 प्रतिशत बढ़ी है। इसके इतर विश्व में 40 प्रतिशत तक बढ़ी है। वेस्ट एशिया का संकट सबसे बड़ी चुनौती है। यह सारे विश्व के लोगों के लिए संकट खड़ा कर रहा है। कई देशों की महंगाई बढ़ गई है। भारत भी इससे अछूता नहीं है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भगवान भी आ जाएं तो सारी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। समस्या भी तो भगवान देता है। पराक्रम और सूझबूझ से समस्या से समाधान होता है। उन्होंने अपने प्रतिनिधि पूर्व आईएएस अधिकारी दिवाकर त्रिपाठी के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में जो कुछ भी विकास हो रहा है, उसका कन्सेप्ट दिवाकर त्रिपाठी ने ही दिया है। 2014 में जब मैं पहली बार सांसद बना तब ही महसूस हुआ कि लखनऊ में ट्रैफिक सबसे बड़ी समस्या है। दिवाकर जी ने सुझाव दिया शहर के बाहर रिंग रोड बन जाए तो ट्रैफिक बाहर ही निकल जाएगा। मैने पहला काम ही यही किया, आज लाखों गाड़ियां बाहर से निकल जाती है। उन्होंने कहा कि भारत का कद अंतरराष्ट्रीय जगत में हमारी सरकार आने पर बढ़ा है। हमारे प्रति धारणा बदली है। प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद में राजनाथ सिंह ने पूछा हमको और क्या करना चाहिए। अवसर मिलने पर कोशिश करता हूं कि समाधान भी जल्द हो। वाराणसी को छोड़कर भारत में लखनऊ के अलावा शायद ही कोई शहर हो जहां इतना विकास हुआ हो।

राजेंद्र सिंह बग्गा ने कहा आपकी सरकार ने पहला सिख स्मारक दिया है। लखनऊ से अमृतसर के लिए सीधी विमान सेवा नहीं है। लखनऊ से सीधे अमृतसर तक वंदे भारत मिल जाए तो तीर्थ यात्रियों को आसानी होगी। सहारनपुर जो वंदे भारत जा रही है उसका विस्तार किया जा सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि थोड़ा समय लगता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटलजी ने लखनऊ को विकसित और मॉडल लोकसभा क्षेत्र बनाने का सपना देखा था। उनके सपने को पूरा करने का काम रक्षा मंत्री कर रहे है। दिल्ली में आज भी ढेर सारे मुहल्लों में सारी सुविधाएं नहीं है, लखनऊ सारी दुनिया में विकसित हो रहा है। जल्द ही मेट्रो का दूसरा चरण शुरू होगा। अवध चौराहा पर अंडरपास बन रहा है। फ्लाईओवर बने हैं, हर विधानसभा क्षेत्र में एक सामुदायिक केंद्र बन रहा है। 110 किलोमीटर की रिंगरोड बनी, लाखों ट्रक बाहर से निकल जाते हैं, इससे प्रदूषण नहीं हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनभद्र पुलिस टीम पर हमला करने वाले नौ लोग गिरफ्तार

**सोनभद।** जिले की म्योरपुर थाना पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में रविवार को नौ लोग गिरफ्तार किए गये हैं। अन्य लोगों की तलाश अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया की 06 जून की रात्रि में म्योरपुर थाना पुलिस टीम एक पीड़ित युवती को जब उसके घर ग्राम कमरीडाड़ छोड़कर वापस लौट रही थी, तभी पुलिस टीम पर पीड़ित युवती के विपक्षीगणों ने एक राय होकर पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडा, बांस, रॉड व ईंट-पत्थर से हमला किए जाने पर कई पुलिस कर्मियों को गंभीर चोटें आईं। सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए लोक सेवकों के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद इस प्रकरण में थाना म्योरपुर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित किया गया। एसपी ने बताया की रविवार को थाना म्योरपुर पुलिस टीम ने 09 अभियुक्तों को एयरपोर्ट रोड स्थित कर्बला, म्योरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा, पुलिस पर जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### उत्तराखंड चारधाम यात्रा, अब तक 31 लाख तीर्थयात्री पहुंचे

**देहरादून।** उत्तराखंड में अप्रैल में शुरू हुई चार धाम यात्रा के बाद से 31 लाख से अधिक तीर्थयात्री प्रदेश में आ चुके हैं जबकि इस दौरान 161 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की नई रिपोर्ट के अनुसार, 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 11,05,676 तीर्थयात्री आए हैं। इसके बाद बद्रीनाथ धाम में 23 अप्रैल से 9,08,619 तीर्थयात्री आए हैं। गंगोत्री मंदिर में 5,28,406 तीर्थयात्री, यमुनात्री मंदिर में 5,07,421 और श्री हेमकुंड साहिब में 55,411 तीर्थयात्री आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गौमुख मार्ग पर 4,697 तीर्थयात्री पहुंचे। इनकी संख्या गंगोत्री तीर्थयात्रियों में शामिल की गई। शनिवार को 61,262 तीर्थयात्री 5,511 वाहनों में सवार होकर तीर्थस्थलों पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि इस साल तीर्थयात्रा की शुरुआत से अब तक 2,89,918 वाहनों ने यात्रा मार्गों का उपयोग किया। राज्य में 19 अप्रैल से अब तक 161 तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 152 लोगों की मौत स्वास्थ्य समस्याओं और खराब स्वास्थ्य के कारण हुई, जबकि आठ तीर्थयात्रियों की मृत्यु अन्य कारणों से हुई और एक व्यक्ति की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई।

### प्रधानमंत्री ने मेजर अभिलाषा बराक को दी बधाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक अधिवक्ता पुरस्कार-2025 से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक समानता अधिवक्ता पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई! मेजर बराक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में एक एंगेजमेंट टीम कमांडर और लैंगिक समानता केंद्र बिंदु के रूप में कार्यरत हैं। यह सम्मान उनकी अनुकरणीय सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना प्रयासों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता है। उनकी यह उपलब्धि अनगिनत युवा भारतीयों, विशेषकर हमारी बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो राष्ट्र और मानवता की सेवा करने की आकांक्षा रखती हैं।

# दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में लू का अलर्ट, 11-12 जून से राहत के आसार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर हिस्सों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हालांकि, मानसून की यह रफ्तार उत्तर भारत तक अभी नहीं पहुंची है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बड़े हिस्से अगले कई दिनों तक भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में 11-12 जून के दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इन क्षेत्रों में 40 से



50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, जबकि झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसके बावजूद मौसम विभाग ने 8 से 11 जून के बीच दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। दिन के तापमान में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे लोगों को उमस और गर्मी दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 से 12 जून के दौरान छिटपुट बारिश की संभावना है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 11-12 जून को कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसके बावजूद 9 से 10 जून के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश और 9 से 11 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू चलने की आशंका जताई गई है। राजस्थान में मौसम सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। पश्चिमी राजस्थान में 7 जून के दौरान तेज धूलभरी आंधी चल सकती है, जहां हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा और झोंकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसके बाद 8 से 12 जून तक पश्चिमी राजस्थान में भीषण लू चलने की संभावना है।

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर रविवार से 29 रुपये महंगा हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से 14.2 किलोग्राम वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 942 रुपये का हो गया है। हालांकि वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से घरेलू रसोई गैस के दाम दूसरी बार बढ़ाये गये हैं। इससे पहले 07 मार्च को इसमें 60 रुपये की बढ़ोतरी की गयी थी। इस दौरान, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में भारी-भरकम वृद्धि हो चुकी है। गत 01 जून को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गयी थी। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दिल्ली वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 1,373 रुपये बढ़ चुके हैं। इस साल फरवरी में इसकी कीमत 1,740.50 रुपये थी।

### नेपाली विदेश मंत्री का बड़ा बयान कहा-

# भारत के साथ सीमा विवाद को खुले दिल से सुलझाना चाहता है नेपाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने रविवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद को काठमांडू कूटनीति के माध्यम से सुलझाना चाहता है क्योंकि अगर दोनों पक्ष खुले दिल से एक साथ बैठें तो कोई भी समस्या बहुत बड़ी नहीं है।

खनाल ने कहा कि नेपाल की नयी सरकार भारत को 21वीं सदी की भू-राजनीति के विकृत, अति संवेदनशील नजरिए से नहीं देखती बल्कि दोनों देशों की समग्र समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध बनाना चाहती है। नेपाली विदेश मंत्री की ये टिप्पणियां विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उनकी व्यापक वार्ता के एक दिन बाद आईं। खनाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब हम खुले मन से बैठते हैं, तो कोई भी समस्या बहुत बड़ी नहीं होती और कोई भी सीमा बहुत जटिल नहीं होती। उन्होंने कहा कि हम भारत की ओर खुले दिल से, स्पष्ट दृष्टि से और एक पारदर्शी एजेंडे-नेपाल का आर्थिक रूपांतरण, के साथ देखते हैं। खनाल ने कहा कि अति-राष्ट्रवादी दृष्टिकोण में लिप्त होने के बजाय, हम मुद्दों को सुलझाने के लिए शांत और आंकड़ों पर आधारित दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उन्होंने भारत की आर्थिक वृद्धि की भी सराहना की। खनाल ने कहा कि जब हम सीमा पार देखते हैं, तो हमें एक उभरता हुआ भारत दिखाई देता है - एक ऐसा भारत जिसने वैश्विक मंच पर एक गतिशील, तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी और आर्थिक महाशक्ति के रूप में खुद को मौलिक रूप से एवं खूबसूरती से पुनर्परिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि हम महत्वाकांक्षी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से परिपूर्ण भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं।

# विपक्षी गठबंधन की बैठक में 23 दल होंगे शामिल, नई दिल्ली में बैठक आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में 23 राजनीतिक दलों ने भाग लेने की पुष्टि की है। यह बैठक दोपहर 12 बजे कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी।

जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि इंडी गठबंधन (इंडिया जनबंधन) के कुछ दल अलग-अलग कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जता चुके हैं। हालांकि, उन्होंने भी केंद्र सरकार की उन नीतियों और कार्रवाइयों का विरोध किया है, जो लाखों भारतीयों के मताधिकार को प्रभावित कर रही हैं, संविधान पर हमला कर रही हैं और जांच एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। लगातार बढ़ती महंगाई घरेलू बजट पर असर डाल रही है। साथ ही युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात हो रहा है। सरकार निवेश के माहौल को कमजोर कर रही है और अपनी विदेश नीति के जरिए राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रही है।

### मलयालम फिल्मों के अभिनेता सलीम कुमार नहीं रहे



**एजेंसी, कोच्चि।** मलयालम फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता सलीम कुमार का यहां एक निजी अस्पताल में 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें निमोनिया के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार रात करीब 10.43 बजे आखिरी सांस ली। उन्हें सुबह भर्ती कराया गया था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, कुछ साल पहले लिवर प्रतिरोपण करवा चुके कुमार को अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया। कुमार ने 1990 के दशक के आखिर में सिने संसार में आने से पहले हास्य के माध्यम से पहचान हासिल की। उन्होंने 1997 में बड़े परदे में पदार्पण किया। 2000 के दशक में उनके हास्य अभिनय ने उन्हें व्यापक लोकप्रियता दिलाई।

**सरकारी फरमान**

### डीएम के हाथ में है मास्टर की

# प्रधानजी मायूस, नीतिगत फैसलों पर रोक, नहीं चलेगी मनमर्जी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य सरकार के ग्राम पंचायतों को लेकर फैसले ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। ग्राम प्रधान प्रशासक तो हैं लेकिन मास्टर की कलेक्टर यानि डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट के पास रहेगी। बिना डीएम की परमिशन कोई नया काम नहीं कर पायेंगे।

ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें ही प्रशासक के रूप में नियुक्त कर दिया था, जिससे प्रधान बेहद खुश थे किंतु नए फरमान ने ग्राम प्रधानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। अब प्रधानजी की मनमर्जी नहीं चलेगी। आमजन नए आदेश से खुश हैं। अब पंचायती राज विभाग ने कड़े और नए दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

नए नियमों के आते ही प्रधानों का उत्साह चिंता में बदल गया है। नए शासनादेश के मुताबिक प्रशासक बने ग्राम प्रधान अपनी मर्जी से कोई भी नया विकास कार्य शुरू नहीं कर पाएंगे और न ही पंचायत के फंड से नया पैसा खर्च कर सकेंगे। अगर जरूरी है तो जिले के मुखिया यानि डीएम की हरी झंडी चाहिए। नए फैसले ने ग्राम प्रधानों के अधिकारों पर लगाम लगा दी है। प्रशासक बने प्रधान उन्हीं पुराने और पहले से चल रहे विकास कार्यों का भुगतान कर सकेंगे जो पहले से स्वीकृत हैं। अगर गांव में कोई नई योजना शुरू करनी हो, किसी भी प्रकार की सरकारी खरीद करनी हो या फिर कोई नया निर्माण कार्य हाथ में लेना हो तो डीएम की लिखित अनुमति अनिवार्य है। ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो गया था और 27 मई से निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक की जिम्मेदारी सौंप दी गई थी।

प्रधानों को लगा था कि पंचायतों का काम पहले की तरह ठाट-बाट से चलेगा लेकिन पंचायती राज विभाग के नए आदेश ने खेल पलट दिया है। प्रशासक पहले से स्वीकृत, निर्माणाधीन या पूर्ण हो चुके कार्यों का भुगतान करा सकेंगे। नए काम के लिए प्रस्ताव तैयार कर मार्फत डीपीआरओ डीएम के पास भेजना होगा। डीएम की अनुमति के बाद ही काम शुरू कर सकेंगे। मतलब साफ अब गांव में खड़ंजा, नाली, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप या अन्य कोई नया काम प्रधान की मर्जी से नहीं बल्कि कलेक्टर के आदेश से होगा। जरूरत पड़ी तो प्रस्तावित कार्यों की जांच भी होगी। प्रशासक के पद पर रहते हुए प्रधान कोई भी नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेंगे। यदि गांव में कोई विशेष या बेहद जरूरी मामला सामने आता है तो उसकी फाइल डीपीआरओ के जरिए डीएम को भेजी जाएगी।



राज्य सरकार ने यह व्यवस्था इसलिए लागू की है ताकि आने वाले पंचायत चुनावों से पहले सरकारी फंड का दुरुपयोग न हो सके और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। सरकार के इस कड़े कदम से यह साफ हो गया है कि अब प्रशासक बने प्रधान बिना डीएम की अनुमति के एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाएंगे। अब गांव की सरकार की असली चाबी सीधे प्रशासन और डीएम के हाथ में पहुंच गई है। प्रधानों को उम्मीद थी कि प्रशासक बनने के बाद भी उनके जलवे और अधिकार पहले जैसे ही रहेंगे लेकिन अब उन्हें छोटे से छोटे नए काम के लिए भी सरकारी दफ्तरों की चौखट पर चक्कर काटने पड़ेंगे। शासन के निर्देशों के तहत नई योजनाओं, खरीद या नए विकास कार्यों को शुरू करने के लिए डीएम की अनुमति जरूरी है।

# डेटा, एआई व डिजिटल अवसंरचना भविष्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2030 तक उत्तर प्रदेश में 2 गीगावाट से अधिक अतिरिक्त डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई और डिजिटल अवसंरचना भविष्य की अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए अभी से ठोस तैयारी करनी होगी।



रविवार को उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2021 की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक आकर्षक, व्यावहारिक और समयानुकूल नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 2026 तक देश की कुल डेटा सेंटर क्षमता में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 8 से 9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि डेटा सेंटर नीति-2021 के तहत 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने तथा 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके सापेक्ष अब तक 21,342.90 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं और निवेशकों को लेटर ऑफ कंफर्ट भी जारी किए गए हैं।

वर्तमान में प्रदेश में छह डेटा सेंटर पार्क और दो डेटा सेंटर इकाइयां संचालित हैं, जबकि 644 मेगावाट की प्रतिबद्ध क्षमता पर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि, पूंजी और ऋण संबंधी अनुदानों के साथ-साथ स्टाम्प शुल्क, विद्युत शुल्क तथा ट्रांसमिशन एवं व्हीलिंग शुल्क में दी जाने वाली रियायतों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

# फोरलेन पूर्वांचल की अर्थव्यवस्था का बनेगा नया ग्रोथ कॉरिडोर : शर्मा

## मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 128-बी का होगा चौड़ीकरण, मिली मंजूरी

- 55.57 किमी फोरलेन परियोजना से मऊ बलिया सहित पूरे क्षेत्र को मिलेगा लाभ
- ऊर्जा मंत्री ने एनएचएआई को लिखवा पत्र



**समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इंदिरा गांधी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर डुमरी मर्यादपुर मऊ में एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम में 2500 से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। मधुबन और दोहरीघाट क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा से उनका जुड़ाव आज का नहीं है। मऊ कोविकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। मधुबन, दोहरीघाट और पूरे मऊ जिले के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सड़क, बिजली, पेयजल, नगरीय सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र का चौतरफा विकास किया जाएगा।

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयास से पूर्वांचल की मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 128-बी 55.57 किलोमीटर के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण परियोजना को स्वीकृति मिली है।

यह उपलब्धि पूर्वांचल के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। श्री शर्मा ने परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष को पत्र लिखकर टेंडर प्रक्रिया एवं निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग केवल सड़क परियोजना नहीं है बल्कि पूर्वांचल के आर्थिक, सामाजिक, औद्योगिक विकास का मजबूत आधार बनेगी।

इस मार्ग के फोरलेन बनने से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा सड़क सुरक्षा में सुधार होगा।परियोजना के अंतर्गत कई रेलवे ओवरब्रिजों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे आवागमन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और लोगों को निर्बाध परिवहन सुविधा प्राप्त होगी।

व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों को लाभ मिलेगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि परियोजना पूर्ण होने पर मऊ, बलिया एवं आसपास के जनपदों में आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पूर्वांचल के विकास को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

## खबरें एक नजर में

### मेरठ में हुआ चींटी जनता पार्टी का उदय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी की सियासी बिसात पर बेहद अनूठे और अतरंगे प्रयोग देखने को मिलते रहे हैं। अब कॉकरोच जनता पार्टी के जवाब में क्रांतिधरा मेरठ से चींटी जनता पार्टी यानि सीजेपी का उदय हुआ है। भाजपा के पूर्व नेता और एडवोकेट अनूप राघव ने नए दल की नींव रखी है। उनका दावा है कि जिस तरह 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की नींव मेरठ शहर से रखी गई थी, उसी तरह देश से भ्रष्टाचार के खात्मे की शुरुआत भी इसी शहर से होगी और यह भगीरथ काम चींटी जनता पार्टी करेगी। मेरठ के जनकपुरी निवासी एडवोकेट अनूप राघव पूर्व में भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण और संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 2014 के बाद से भाजपा में राजनीतिक रूप से काफी हद तक निष्क्रिय चल रहे राघव ने अब सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफएक नया मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉकरोच जनता पार्टी का गठन देश विरोधी मानसिकता के लोगों ने किया है, जिसके करारे जवाब में उन्होंने देश के ईमानदार और राष्ट्रप्रेमी लोगों के लिए चींटी जनता पार्टी को धरातल पर उतारा है। किसानों को उनकी फसल की कुल लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफे के साथ एमएसपी की पुख्ता कानूनी गारंटी दिलाना और मजदूरों के लिए मजदूर सम्मान कार्ड जारी कर 12 हजार रुपये प्रति महीना न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करना, गांव रोजगार मिशन के तहत उत्तर प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 100 नए रोजगार के अवसरों का सृजन करना, कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी तरह मुफ्त करना और हर गांव में अत्याधुनिक डिजिटल स्मार्ट क्लास का निर्माण करवाना, हर नागरिक को बुनियादी हक के तहत नल से जल, पक्की सड़कें, 24 घंटे निर्बाध बिजली और ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुगम सुविधा उपलब्ध कराना लक्ष्य है।।पार्टी के भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत कराने की प्रक्रिया शुरू है।

### चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद क्षेत्र में रविवार दोपहर चलती कार में अचानक आग लग गई। हादसा लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर ग्राम मुजासा के पास हुआ। चालक समय रहते गाड़ी से बाहर निकल गया। जिससे उसकी जान बच गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार हरदोई के रेलवेगंज निवासी अब्दुल बासित अपनी फोर्ड इकोस्पोर्ट कार (यूपी 30 एजे 0786) से लखनऊ से हरदोई जा रहे थे। दोपहर करीब 1.10 बजे मुजासा के पास पहुंचते ही कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल वाहन रोककर बाहर छलांग लगा दी। सूचना मिलने पर मलिहाबाद पुलिस और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार जल चुकी थी। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### बंद फैक्ट्री के अंदर मिला शव, हड़कंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी थाना क्षेत्र के गोसाइनपुरवा मजरा देवरी रुखारा गांव में एक चाय दुकानदार का शव बंद फैक्ट्री के अंदर मिला। रविवार सुबह गांव के बाहर फैक्ट्री परिसर में आम के पेड़ से उसका शव लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान गोसाईनपुरवा निवासी प्रेमचंद गोस्वामी (50) पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ के रूप में हुई है। प्रेमचंद गांव के पास देवरी रुखारा क्रॉसिंग पर चाय और समोसे की दुकान चलाते थे। रविवार सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गांव के बाहर स्थित मुकेश जिंदल की बंद पड़ी फैक्ट्री के परिसर में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बीकेटी पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रेमचंद ने बीती रात आम के पेड़ पर दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। परिजनों के मुताबिक, मृतक के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीकेटी इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### छोटे भाई की पीटाई से आहत युवक ने दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महिगवां थाना क्षेत्र के राजा सलेमपुर गांव में छोटे भाई से हुए विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उसका शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। राजा सलेमपुर निवासी सुरेश का बड़ा बेटा शिवव्रत उर्फमोनू (24) गांव में ही परचून की दुकान चलाता था। परिजनों के मुताबिक, शनिवार को किसी बात को लेकर शिवव्रत और उसके छोटे भाई के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट भी हुई। घटना के बाद से शिवव्रत काफी तनाव में था। बताया जा रहा है कि शनिवार रात उसने परिवार के साथ खाना खाया, लेकिन देर रात बिना किसी को बताए घर से निकल गया। रविवार सुबह ग्रामीण गांव के बाहर पहुंचे तो एक पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका देख दंग रह गए। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची महिगवां पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और जांच शुरू की। परिजनों का कहना है कि छोटे भाई से हुए विवाद और मारपीट के बाद शिवव्रत मानसिक रूप से आहत था। इसी वजह से उसने यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# लोकतंत्र की जीवनरेखा है पत्रकारिता : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मीडिया की भूमिका निर्णायक
- नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री ने किया संबोधित



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आगरा में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स एनयूजे के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राणवायु है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारपूर्ण है।

लोकतंत्र तभी सशक्त और जीवंत रह सकता है जब उसके सभी स्तंभ अपनी-अपनी भूमिका का निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ निर्वहन करें।कार्यक्रम का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री ने किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं बल्कि राष्ट्र, समाज के प्रति उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण माध्यम है। दिन-रात समाज को जागरूक करने जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य पत्रकार करते हैं। लोकतंत्र में मीडिया की कलम में अपार शक्ति होती है। यदि सरकार जनहित के कार्यों में कहीं कमी छोड़ती है तो पत्रकार उसे सामने लाने का अधिकार रखते हैं और यदि अच्छा कार्य होता है तो उसे जनता तक पहुंचाने में भी मीडिया की भूमिका होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वन नेशन-वन इलेक्शन की अवधारणा संसाधनों की बचत और विकास की गति को और तेज करने में सहायक होगी। देश की युवा पीढ़ी और आम नागरिक भी इस विचार का व्यापक समर्थन कर रहे हैं। आज भारत वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर रहा है। ऊर्जा संकट, वैश्विक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के बावजूद भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा उत्पादन, ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी विकास के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के अनेक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किए गए हैं। सम्मान केवल प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

# आने वाले दिनों में बिखर जाएगा इंडी गठबंधन : पंकज चौधरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सोमवार को दिल्ली में होने वाली बैठक से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को कहा कि आने वाले दिनों में यह गठबंधन बिखर जाएगा।

पंकज चौधरी ने एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, इंडिया गठबंधन क्या बैठक करेगा, द्रमुक ने जो बयान दिया है, उससे पता चलता है कि कांग्रेस ने 40 साल पुराने गठबंधन के साथ किस तरह धोखा किया है। आप देखेंगे कि इंडी गठबंधन धीरे-धीरे बिखर जाएगा। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने सोमवार आठ जून को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक के बहिष्कार का ऐलान किया है। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस ने तमिलनाडु में हाल में हुए विधानसभा चुनाव के बाद उसके साथ गठबंधन तोड़ते हुए सरकार बनाने के लिये तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को समर्थन देने की घोषणा करके उसे धोखा दिया और द्रमुक कार्यकर्ता इससे बहुत आहत हैं।

# राजनाथ सिंह से बुद्धेश्वर में जाम की शिकायत आलमनगर स्टेशन का नाम बदलने की मांग



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से बुद्धेश्वर इलाके में लगने वाले जाम की शिकायत की गई है। बुद्धेश्वर विकास महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को सांसद से मुलाकात कर उन्हें पारा, राजाजीपुरम और आसपास के मार्गों के किनारे स्थायी अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया।

लोगों ने आलमनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बुद्धेश्वर स्टेशनऔर हैदरगंज वार्ड का नाम बदलकर बुद्धेश्वर वार्ड किए जाने की मांग भी रखी। महासभा के पदाधिकारियों ने इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय बताया। महासभा के संरक्षक अजय त्रिपाठी 'मुन्ना' के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसमें अवगत कराया गया कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बुद्धेश्वर चौराहे के आसपास सड़क किनारे अतिक्रमण, अव्यवस्थित यातायात और बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस जाम से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे उनका आवागमन प्रभावित होता है। ज्ञापन में आलमनगर रेलवे ओवरब्रिज से उतरने के बाद पारा, राजाजीपुरम और आसपास के क्षेत्रों की ओर जाने वाले मार्ग पर दोनों तरफ हुए स्थायी अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। महासभा का कहना है कि सड़क संकरी होने और अतिक्रमण बढ़ने के कारण इस क्षेत्र में पूरे दिन वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं।

महासभा के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि रक्षा मंत्री और सांसद राजनाथ सिंह ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक रामशंकर राजपूत, संरक्षक अजय त्रिपाठी 'मुन्ना', संरक्षक ऋषि चौरसिया, महामंत्री शिव प्रसाद पांडेय, घनश्याम पांडेय, किसान यूनियन के नेता अमर सिंह लोधी सहित महासभा के अन्य पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# आदर्श योग समिति ने चलाया अभियान 1090 चौराहे पर किया योगाभ्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में रविवार को योग दिवस की तैयारी शुरू हो चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति ने गोमतीनगर स्थित 1090 चौराहे पर शंखनाद के साथ योग जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, व्यापारियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और छात्रों ने हिस्सा लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने शंखध्वनि के साथ अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में योग को संस्कार के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बन सकें और लोगों को अनावश्यक दवाइयों तथा शल्य चिकित्सा पर निर्भर न होना पड़े। समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता के लिए राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 14 जून को आशियाना एलडीए से एक विशाल योग जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जो पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को योग के प्रति जागरूक करेगी। इसके अलावा 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आशियाना क्षेत्र में योग का एक विराट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संदीप सिंह गौर ने कहा कि समिति का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि समिति प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी योग संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना पर कार्य कर रही है।

पूरे वर्ष नियमित योगाभ्यास को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष सुनील मौर्य, महासचिव ओपी श्रीवास्तव, सचिव महेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार शुक्ला, आरके गुप्ता, रितेश खरबंदा, अनुप्रिया श्रीवास्तव, कुसुम पाठक, सविता सिंह, हंसा चौबे समेत अनेक योगाचार्य और योग साधक उपस्थित रहे।

### राम मंदिर में चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब : अखिलेश यादव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब हो गये। यादव ने इस मामले में अदालत से स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध किया। उन्होंने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है। यादव ने पोस्ट में कहा, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।

# टीजीटी परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी, अभ्यर्थी 12 जून तक कर सकते आपत्ति : डॉ. प्रशांत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रशिक्षित स्नातक टीजीटी भर्ती परीक्षा अंतर्गत 3 एवं 4 जून को सम्पन्न लिखित परीक्षा के 15 विषयों की मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, वाणिज्य, गृह विज्ञान, कला, विज्ञान, संगीत गायन, कृषि, जीव विज्ञान, उर्दू तथा संगीत वादन सहित सभी विषयों की उत्तरकुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकन हेतु उपलब्ध करा दी गई है।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन कर संबंधित मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी का अवलोकन कर सकते हैं तथा अपने प्रश्नपत्र का मिलान कर सकते हैं। यदि किसी प्रश्न अथवा उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति हो तो अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 12 जून की रात्रि 12 बजे तक आपत्तियां ऑनलाइन दर्ज की जा सकेंगी। आपत्तियों के निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी केवल आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से आपत्तियां प्रस्तुत करें।



## द इंडिया स्टोरी का दमदार प्रोमो हुआ रिलीज

# भारत में खान-पान मिलावट की सच्चाई को उजागर करती फिल्म

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत और एमआईजी प्रोडक्शंस एंड स्टूडियोज़ के सहयोग से बनी फिल्म द इंडिया स्टोरी का दमदार और सोचने पर मजबूर कर देने वाला प्रोमो रिलीज कर दिया गया है।

24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही यह फिल्म आज देश के करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाले एक गंभीर लेकिन अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले मुद्दे, खाद्य मिलावट पर प्रकाश डालती है। गंभीर विषय पर आधारित इस फिल्म में काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। गौरतलब है कि फिल्म का यह प्रभावशाली प्रोमो हमारे घरों तक पहुंचने वाले खाने की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

रासायनिक पदार्थों से तैयार की गई सब्जियों और फलों से लेकर दूषित डेयरी उत्पादों और मिलावटी खाद्य सामग्री तक, द इंडिया स्टोरी दिखाती है कि कैसे मुनाफे की दौड़ में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। दमदार विजुअल्स और प्रभावशाली कहानी के जरिए फिल्म यह उजागर करती है कि खाद्य मिलावट किस तरह गंभीर बीमारियों, लंबे समय तक रहने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बन सकती है।

एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक और मजबूत विषय पर आधारित यह फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों के बीच जरूरी बातचीत शुरू करने का प्रयास भी करती है।

हाल ही में रिलीज़ किया गया यह प्रोमो दर्शकों को ऐसी कहानी की झलक देता है, जो असहज सच्चाइयों को सामने लाती है, व्यवस्था पर सवाल उठाती है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर वे रोज क्या खा रहे हैं? काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े के दमदार अभिनय से सजी फिल्म द इंडिया स्टोरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक चेतावनी है, जो समाज को प्रभावित कर रहे इस बढ़ते संकट पर रोशनी डालती है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ एक मजबूत सामाजिक संदेश देने का वादा भी करती है, जिससे दर्शक जागरूक और सतर्क रह सकें। फिल्म के सह-निर्माता स्वाति विनायक सैंदाने, अनीता जाधव, विनायक सैदानी, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी हैं। फिल्म के सिनेमैटोग्राफर निशांत भगवत, संगीतकार मंगेश धाकड़े, गीतकार शकील आज़मी, एडिटर आशीष म्हात्रे, और साउंड डिजाइनर अनमोल भावे हैं। द इंडिया स्टोरी हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में रिलीज होगी।

यह ज़ी स्टूडियोज़ की वर्ल्डवाइड रिलीज़ होगी।




# बेल्जियम में आयोजित शूटिंग चैम्पियनशिप में सी.एम.एस. के नोमान ने जीता गोल्ड मेडल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-10 के प्रतिभाशाली छात्र नोमान अहमद मलिक ने बेल्जियम में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप 'इन्टारसो रिफ्लेक्स शूटिंग कप-2026' में गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। नोमान ने यह उपलब्धि 10मी एअर पिस्टल शूटिंग प्रतिस्पर्धा में अर्जित की है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार छात्र की ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। डा. गाँधी ने विश्वास व्यक्त किया कि नोमान की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत साबित होगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि रिफ्लेक्स स्पोर्ट शूटिंग फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में विश्व के विभिन्न देशों के चुनिंदा निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस होनहार शूटर्स ने राइफल शूटिंग के तकनीकी ज्ञान, लक्ष्य साधने की क्षमता, ब्रेथ कन्ट्रोल, मूवमेन्ट कन्ट्रोल एवं ट्रिगर कन्ट्रोल क्षमताओं के शानदार प्रदर्शन के साथ ही अपने आत्मविश्वास एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को सर्वोच्च स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री खन्ना ने आगे कहा कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रहा था फिनवेल ब्रांड का पानी, छापे से हड़कंप

**नायब तहसीलदार की बड़ी कार्रवाई: संचालक नहीं दिखा सके संचालन और खाद्य सुरक्षा के दस्तावेज**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलड़िया में संचालित मां दुर्गा मिनरल वाटर प्लांट के खिलाफ मिल रही लगातार शिकायतों के बाद शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार अनुराग दुबे के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम ने प्लांट पर औचक छापा मारा। इस दौरान टीम ने प्लांट के भीतर तैयार किए जा रहे पैकेज्ड पेयजल की गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों, उत्पादन प्रक्रिया और प्लांट के संचालन से जुड़े वैधानिक अभिलेखों (दस्तावेजों) की गहन जांच की।

जांच के दौरान जब अधिकारियों ने संचालक से प्लांट के संचालन की अनुमति और खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जारी अनिवार्य लाइसेंस व दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, तो मौके पर कोई भी वैध कागज़ात नहीं मिला। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संचालक को जल्द से जल्द सभी अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम चेतावनी दी है।

**जनवरी में लग चुका था प्रतिबंध, फिर भी हो रही थी सप्लाई:** जानकारी के अनुसार, इस प्लांट में फिनवेल ब्रांड नाम से पैकेज्ड पेयजल की छोटी और बड़ी बोतलों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाता है। यहां तैयार होने वाला पानी न सिर्फ शाहजहांपुर, बल्कि आसपास के कई जनपदों के बाजारों में भी धड़ल्ले से सप्लाई किया जाता है। गौरतलब है कि इसी साल जनवरी माह में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में पैकेज्ड पेयजल प्लांटों से पानी के नमूने लेकर जांच कराई गई थी। उस उच्चस्तरीय जांच की रिपोर्ट में प्रदेश के 39 प्लांटों के उत्पाद निर्धारित मानकों पर पूरी तरह फेल (असुरक्षित) पाए गए थे, जिसके बाद सरकार ने इन 39 प्लांटों के उत्पादों की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रतिबंधित किए गए इन दागी प्लांटों में गुलड़िया का यह मां दुर्गा मिनरल वाटर प्लांट भी शामिल था। स्थानीय नागरिकों द्वारा प्रशासन को लगातार यह शिकायतें भेजी जा रही थीं कि सरकारी प्रतिबंध और पानी की गुणवत्ता खराब होने के बावजूद, यह प्लांट बिना किसी डर के रात-दिन चल रहा है और बाजार में धड़ल्ले से पानी की आपूर्ति की जा रही है। इन्हीं गंभीर शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शनिवार को प्रशासन की टीम मौके पर धमक गई। निरीक्षण के दौरान जब अधिकारियों ने संचालक को आड़े हाथों लिया, तो उसने दावा किया कि विभाग द्वारा पूर्व में बताई गई सभी कमियों को दूर कर लिया गया है और सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें दोबारा प्लांट संचालन की अनुमति मिल चुकी है। लेकिन, जब नायब तहसीलदार ने इस अनुमति से संबंधित आधिकारिक आदेश और लाइसेंस दिखाने को कहा, तो संचालक बगले झांकने लगा और मौके पर एक भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

## विश्वविद्यालय में आयोजित होगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**विद्यार्थियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर**

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर करियर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में सृजनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा छात्र-छात्राओं का फैसिलिटेटर व केमिस्ट पद हेतु चयन किया जाएगा। इसमें बी.एससी. (पीसीएम) उत्तीर्ण अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं आवेदन हेतु पात्र होंगे।8 जून को सायं 5:30 बजे से विश्वविद्यालय के स्वामी शुकदेवानंद स्मृति सभागार में आयोजित होने वाली चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों को अपना अद्यतन बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रतियां एवं पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा।

# किसान यूनियन पदाधिकारियों की टोल प्रबंधन से वार्ता, पहचान पत्र व पोस्टर लगाने पर बनी सहमति

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



टोल टैक्स पर किसान यूनियन से जुड़े वाहनों के आवागमन को लेकर शनिवार को किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी टोल प्लाजा पहुंचे और वहां मौजूद कर्मचारियों से बातचीत की। इस दौरान टोल प्रबंधन की ओर से किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के वाहनों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारी अमन कुमार ने बताया कि किसान यूनियन से संबंधित वाहनों पर संगठन का पोस्टर लगा होना तथा संबंधित पदाधिकारी के पास पहचान पत्र (आई कार्ड) होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहचान स्पष्ट होने पर वाहनों को नियमानुसार पास किया जाएगा। बिना पहचान के कोई भी व्यक्ति स्वयं को किसान यूनियन का सदस्य बताकर छूट का लाभ लेने का प्रयास कर सकता है, जिससे समस्या उत्पन्न होती है। बैठक के दौरान किसान यूनियन पदाधिकारियों की टोल प्रबंधन के मैनेजर प्रवीण कुमार योगी से भी फोन पर वार्ता हुई। वार्ता में सहमति बनी कि संगठन के अधिकृत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने वाहनों पर पोस्टर लगाएं और आई कार्ड साथ रखें, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर मुनेश्वर दयाल कठेरिया, राजू गुप्ता, शकील मंसूरी, सबील हसन, अकिल खां सहित कई किसान यूनियन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आसमा सुल्ताना और वीर गुप्ता बने ब्रांड एंबेसडर

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने और नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं जागरूक बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद जलालाबाद द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई। पालिका प्रशासन ने सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय वीर गुप्ता वीटू एवं आसमा सुल्ताना को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एंबेसडर नामित किया।

शनिवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में अधिशासी अधिकारी हृदय नारायण उपाध्याय ने दोनों ब्रांड एंबेसडरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन है। अधिशासी अधिकारी ने दोनों ब्रांड एंबेसडरों के साथ नगर में स्थित बेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क की स्वच्छता, हरियाली, रखरखाव एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही पार्क को और अधिक आकर्षक एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। ब्रांड एंबेसडर आसमा सुल्ताना ने नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने तथा अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर इस अभियान का हिस्सा बने। इस अवसर पर नगर पालिका के लिपिक नितिन शर्मा, सत्यम सिंह, सत्यम तिवारी, साजन गुप्ता, राजकीय ठेकेदार प्रदीप गुप्ता श्याम सुंदर सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की कार्यशाला

**शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा-कक्षों की स्वच्छता, रखरखाव एवं आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही विद्यालय में विकसित मैथ पार्क का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ गणितीय अवधारणाओं को सरल, रोचक एवं गतिविधि आधारित तरीके से प्रस्तुत करने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालय को और अधिक प्रभावी, आकर्षक एवं छात्रहितैषी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। खंड शिक्षा अधिकारी सिंधौली, खंड शिक्षा अधिकारी खुटार, खंड शिक्षा अधिकारी बंडा का हृदय से आभार। विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की कार्यशाला है और उसकी निरंतर तैयारी ही उत्कृष्ट शिक्षा की नींव रखती है।



# किसान के खेत में खड़े 150 पॉपलर के पेड़ रातों-रात काटे

**पुलिस ने तहरीर देकर आरोपियों की तलाश शुरू की**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के थाना रोजा के ग्राम डींगरपुर अर्सलानी में एक किसान की वर्षों की मेहनत पर अज्ञात लोगों ने पानी फेर दिया। किसान के खेत में खड़े लगभग 150 पॉपलर के पेड़ों को रात के अंधेरे में काटकर गिरा दिया गया। गांव के कासिम अली पुत्र लियाकत अली ने थाना रोजा में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके खेत में करीब 150 पॉपलर के पेड़ लगे हुए थे। शुक्रवार रात अज्ञात व्यक्ति खेत में पहुंचे और सभी पेड़ों को काटकर खेत में ही गिरा दिया। किसान जब सुबह खेत पर पहुंचा तो पेड़ों की हालत देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही उसने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और किसान की तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई के लिए जुट गई हैं। पीड़ित किसान ने दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। घटना से क्षेत्र के किसानों में भी रोष और चिंता का माहौल है। वही पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भारत विकास परिषद ने योग के साथ वितरित किया तुलसी का पौधा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा शाहजहांपुर की महिला सहभागिता गतिविधि अंतर्गत योग विज्ञान संस्थान सीतापुर आई हॉस्पिटल में संचालित योग शिविर योग का विशेष अभ्यास कराया गया जिसमें बी पी, डायबिटीज अस्थमा आदि को नियंत्रित करने व उसके निदान से संबंधित योगासन कराए गए। भारत विकास परिषद सरस्वती शाखा की महिला सहभागिता गतिविधि संयोजक एवं योग शिविर की संचालिका ज्योति गुप्ता के संयोजन एवं योग विज्ञान संस्थान के संयोजन में स्वास्थ एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद रुहेलखंड पूर्व प्रांत के प्रांतीय गतिविधि अधिकारी राकेश कुमार पांडेय व शाखा सचिव जसवंत जयसिंह का कार्यक्रम आयोजक टीम द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शामिल योग साधकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि हम स्वस्थ तभी रह सकते हैं जब पर्यावरण अर्थात हमारे चारों तरफ का परिवेश शुद्ध होगा जन,जल, जंगल, जमीन और जानवर ये पांचों मिलकर पर्यावरण का स्वरूप बनते हैं इनमें से कोई भी एक प्रभावित होगा पूरा पारिस्थिकी तंत्र अस्त व्यस्त हो जाएगा और परमात्मा द्वारा निर्मित ये प्रकृति अर्थात सृष्टि विनाश को ओर बढ़ती जाएगी। आज हम सबकी ये सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम, पर्यावरण संतुलन के लिए जल को बचाएं कल को बचाएं का संकल्प लेकर अपनी भावी पीढ़ित को सुरक्षित और सुव्यवस्थिति धरती सौंपे यही सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारी है। अंत कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे पर्यावरण सप्ताह अंतर्गत मुख्य अतिथि राकेश कुमार पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि जसवंत जयसिंह द्वारा सभी साधकों को तुलसी का पौधा भेंट कर हर घर तुलसी लगाएं। पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी निभायें का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमा पांडेय, कौशल शुक्ल, शीला रस्तोगी, बिपिन रस्तोगी, रचना चांदना, मीना शुक्ला, दीपिका कपूर, अर्चना गुप्ता, गीता सिंह, रेनू मौर्या, अनामिका, रेखा सक्सेना, रेखा कुशवाहा, अनीता शुक्ला, रीना, डिम्पी, सावित्री, नीलम, निमिषा, प्रवीण मिश्रा, विनोद सक्सेना, वेदप्रकाश गुप्ता, आशाराम गुप्ता आदि योग साधकों ने प्रतिभाग किया तदोपरांत कार्यक्रम संयोजक ज्योति गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव की बन्ने अली के रूप में हुई शिनाख्त



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के एक युवा शायर इबने हसन ने बुजुर्ग पिता बन्ने अली के 30 मई को घर से नाराज होकर चले जाने के बाद तलाश में न मिलने पर अगले दिन रात में गुमशुदगी के लिए तहरीर दी थी। जिनकी लगातार तलाश के आठवें दिन शनिवार को सीसीटीवी कैमरे के जरिए रेलवे ट्रैक पर चलते देखा गया। विडंबना यह है कि गुमशुदा होने के दिन ही अज्ञात व्यक्ति का पुलिस को रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में शव बरामद हुआ था। लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते परिजनों को उक्त जानकारी नहीं मिल सकी और उक्त शव का लावारिस में ही संस्कार हो गया। पीड़ित इब्ने हसन का आरोप है कि उन्होंने तलाश के बाद 31 मई की रात करीब दस बजे पुलिस को पिता के नाराज होकर चले जाने की तहरीर दी। यदि एक दिन पूर्व यानी लापता होने के दिन ही अज्ञात शव मिलने की उन्हें पुलिस ने जानकारी दी होती तो पिता की उसी दिन शिनाख्त हो जाती और उनके शव को परिवार द्वारा सुपुर्द खाक करने को मिल जाता। पिता की तलाश में शनिवार को चीनी मिल की बाउंड्री से सटी मज़ार के सीसीटीवी कैमरों में देखने पर पता चला कि गुमशुदा होने के कुछ देर बाद ही वह ट्रेन से कट गए थे।

### दिवाकर मिश्रा बने मानवाधिकार सहायता संघ के प्रदेश अध्यक्ष



**शाहजहांपुर।** मानवाधिकार सहायता संघ (अंतरराष्ट्रीय) की केंद्रीय कोर कमेटी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिवाकर मिश्रा को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रिय कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण को देखते हुए लिया गया। नियुक्ति के संबंध में जारी संदेश में संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि दिवाकर मिश्रा संघ की विचारधारा, मानवाधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही उनसे संगठन की नीतियों के अनुरूप पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा की गई है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। विभिन्न जिलों के संघमित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य और सफल नेतृत्व की शुभकामनाएं दीं। संगठन ने आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में मानवाधिकार सहायता संघ की गतिविधियों को प्रदेश स्तर पर नई गति मिलेगी तथा जनकल्याण एवं मानवाधिकार संरक्षण से जुड़े कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएंगे।

### नवागत डीपीओ ने संभाला कार्यभार

**शाहजहांपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा का गोंडा तबादला होने के बाद उनके स्थान पर आए नवागत डीपीओ अश्विनी कुमार तिवारी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वो अयोध्या में तैनात थे। नवागत डीपीओ ने बताया कि उनका गृह जनपद फतेहपुर है। उन्होंने बताया कि आफिस में आने वाली सभी फरियादियों की समस्याओं को ससमय निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता में रहेगा। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरुरतमंद तक पहुंचाना ध्येय है।

# भाजपा की मासिक बैठक आयोजित, केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खुदागंज नगर पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्षों के कार्यकाल के अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं, गरीब कल्याण कार्यक्रमों तथा संगठन की आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री सर्वेश शर्मा रहे। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, मंडल महामंत्री तुलसीराम कोहली, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष ओम शर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह तथा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष यो. कासिम सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों एवं विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्रवाई, 1013 चालान, 3 वाहन सीज

**शाहजहांपुर।** शनिवार रात यातायात पुलिस और थाना पुलिस ने जिले में विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। टोल प्लाजा और प्रमुख मार्गों पर रात 8 बजे से 11 बजे तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नशे में वाहन चलाने पर 20, मॉडिफाइड साइलेंसर पर 68, प्रेशर हॉर्न व हूटर पर 13, तेज रफ्तार वाहनों पर 166 तथा बिना हेलमेट चलने पर 240 चालान किए गए। कुल मिलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 1013 वाहनों के चालान किए गए और तीन वाहनों को सीज किया गया। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग की सलाह दी गई। पुलिस ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# मोहर्रम को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बुलाई गई बैठक

**सीओ ने आठ फिट के ताजिए बनाने के दिए निर्देश**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मोहर्रम को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ व कोतवाल ताजिएदारों से कहा कि आप सभी लोग आठ फिट के ही ताजिए रखेंगे। रविवार को कोतवाली में पीस कमेटी का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ प्रवीण मलिक ने मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि आप सभी लोग आठ फिट के ताजिए ही बनाएंगे। क्योंकि ज्यादा ऊँचाई बाले ताजिए से अधिकतर हादसे होते है। इसलिए सभी लोग अपना त्यौहार धूमधाम से मनाओ लेकिन ताजिए की ऊँचाई आठ फिट ही रखना जिससे कोई नुकसान न हो। इसी बीच कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने सभी पुलिसकर्मियों से कहा कि जहां पर ताजिए रखे जाए वहां पर दो सिपाही निगरानी में रहेगे। साथ ही सीओ ने कहा कि अगर आप लोग मोहर्रम के दिन मेला लगाते है तो उसकी आपको परमिशन लेनी पड़ेगी। कोई नई प्रथा नही चलेगी। त्यौहार पर हुड़दंग बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी इसलिए सभी से अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाएं।

# नेशनल कैंसर सर्वाइवर्स डे पर विजेता का संदेश

**सकारात्मक सोच और जिंदादिली के दम पर सैंकड़ों कैंसर पीड़ित बच्चों की ताकत बने शशांक पटेल**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर के ग्राम हुसैनपुर कबरा के निवासी 28 वर्षीय शशांक पटेल अपनी सकारात्मक सोच और जिंदादिली के दम पर सैंकड़ों कैंसर पीड़ित बच्चों की ताकत बन चुके हैं। कुछ साल पहले 2009 में वह खुद नूरोफाइरोसारकोमा ट्यूमर से पीड़ित थे, लेकिन खुश रहकर बीमारी को मात देने का उनका नुस्खा इतना कारगर सिद्ध हुआ कि आखिरकार कैंसर को हार माननी ही पड़ी। इस दौरान उनके पापा की नौकरी चली गई। वह आर्मी ज्वाइन करना चाहते थे लेकिन सर्जरी कीमोथेरेपी रेडियोथेरेपी होने के कारण यह संभव नहीं था। फिर उन्होंने निर्णय लिया कि अब हम कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए काम करेंगे वर्ष 2018 में बाल विभाग केजीएमयू लखनऊ में संचालित कैनकिड्स संस्था में उन्होंने सोशल वर्कर पद को ज्वाइन किया। अब उनकी जिंदगी का मकसद है कि हर माता-पिता तक संदेश पहुंचाना है कि बच्चों को होने वाला कैंसर का इलाज संभव है। यह कैनकिड्स संस्था के सहयोग से भर्ती कैंसर से पीड़ित बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों के भीतर तक का डर निकालता है और कैनकिड्स संस्था के माध्यम से कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए फाइनेंसियल साइक्लोजिकल, मेडिकल, एजुकेशन, ब्लड सपोर्ट , रहने की सुविधा आदि की मदद दे रहे हैं। शशांक पटेल अब तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के सहयोग से कैनकिड्स संस्था द्वारा चाइल्डहुड कैंसर के बचाव एवं जागरूकता गतिविधियाँ हेतु लगभग उत्तर प्रदेश के 65 जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 15000 आशा वर्करों और एएनएम को प्रशिक्षण दे चुके हैं उन्होंने बताया है बताया है कि उत्तर प्रदेश में शून्य से 19 वर्ष तक की उम्र के 14700 बच्चे प्रतिवर्ष कैंसर के शिकार होते हैं। यह आंकड़ा देश में सबसे अधिक है। इसके बावजूद प्रदेश में केवल 42 फीसदी कैंसर मरीज ही स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर पा रहे हैं, जबकि 58 फीसदी उपचार केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे हैं कि इस जागरूकता के माध्यम से इलाज में होने वाली देरी व असमय मृत्यु को बहुत हद तक रोका जा सकता हैद्य इस अवसर पर उन्होंने ने आशा वर्करों और एएनएम से अपील की है कि हर माता पिता तक संदेश पहुंचना है कि बच्चों में होने वाले कैंसर का इलाज है और उन्होंने कहां है अगर किसी बच्चे में कैंसर के शुरुआती लक्षण दिखते हैं तो उसके अभिभावक हमारी कैनकिड्स संस्था उत्तर प्रदेश के स्टेट हेल्प लाइन नंबर 9811284406 पर कॉल करके मदद ले सकता है।

## आपदाग्रस्त पर्यटन

दिल्ली के होटल में लगी आग ने समूची पर्यटन इंडस्ट्री को चेतावनी दी है, तो कुछ संदर्भ हिमाचल से भी जुड़ते हैं। आपदा को आमंत्रित करता पर्यटन अगर दिल्ली को बदनाम कर रहा है, तो ऐसी छूट हिमाचल में भी मिल रही है। पर्यटन की खिड़कियां अब ऐसे स्थानों पर खुल रही हैं, जहां सरकार की कोई एजेंसी दखल नहीं रखती। पहाड़ की कंदराओं में खुल रही पर्यटन इकाइयों में अनुभव के नाम पर खतरा परोसा जा रहा है। आमतौर पर अपंजीकृत इकाइयों के कारण असुरक्षा की फेहरिस्त बढ़ रही है। हिमाचल में हर तरह का निर्माण पहाड़ की चोटी, पहाड़ की ढलान और प्राकृतिक जल रिसाव को रोक कर शेखी बघार रहा है, लेकिन इनका उपयोग जब व्यावसायिक बना दिया जाता है, तो खतरे बढ़ जाते हैं। खड्डों और नदियों के किनारे कई भवन टूट कर बिखर चुके हैं, लेकिन निर्माण जारी है। ऐसे में समूचे प्रदेश को टीसीपी कानून के अधीन लाने की अति आवश्यकता महसूस होती है। सामग्री, शैली और वास्तुकला के प्रति अनदेखी के कारण इमारतें प्रकृति के विरुद्ध खड़ी हो रही हैं। इसी के साथ यह भी विचारणीय है कि जंगलों के करीब निजी भूमि के उपयोग की भी आचार संहिता नहीं है। सरकार शहरी विकास में लैंड पूलिंग के अध्याय खोल रही है। ऐसे में सर्वप्रथम जंगल और सार्वजनिक व निजी भूमि की पूलिंग भी जरूरी है। पर्यटन की अति ने निर्माण का चरित्र बदल दिया है और इसका सामाजिक पहलू गाहे बगाहे नकारात्मक साबित हो रहा है। सडक़ों पर बढ़ती वाहनों की तादाद ने आपसी झगड़ों की रंगत को नकारात्मक ढंग से पेश करना शुरू किया है।

यह इसलिए भी क्योंकि हमने हर आगुंतक को पर्यटक मान लिया, जबकि सही मायने में पचास फीसदी से भी कम किसी न किसी तरह आए लोग, पर्यटक माने जा सकते हैं। बरसात के दिनों में पुराने वाहनों पर सवार होकर आने वाले केवल 'गेड़ीमार' लोग हैं। पर्यटन की अति ने हिमाचल के नागरिक समाज को भी परेशान करना शुरू किया है। गर्मियों में पर्यटक स्थलों की जलापूर्ति, परिवहन, नागरिक सुविधाओं तथा सफाई व्यवस्था पर पड़ता दबाव स्थानीय नागरिकों के लिए प्रताडऩा सरीखा है। अब वक्त आ गया है कि पर्यटन क्षेत्र के भागीदारों को सुधारें तथा क्षमतानुरूप गतिविधियों का संचालन करें। पिछले कुछ सालों से कुछ अप्रिय घटनाओं के कारण कई पर्यटक स्थल बदनाम हुए हैं। अनियंत्रित भीड़ के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम भी उछलते हैं। मामला जब टूरिस्ट बनाम स्थानीय बनता है, तो कुछ पड़ोसी राज्यों से सोशल मीडिया आक्रमण भी शुरू होता है। ऐसे में सबसे पहले माहौल की दुरुस्ती के लिए सरकारी तौर पर चौकसी चाहिए। खास तौर पर टैक्सी आपरेशन की शिकायतें आ रही हैं। साइट सीईंग टूअर महंगे, अधूरे और लूट के आरोपों से ग्रस्त हैं। टूरिस्ट के साथ बुरे व्यवहार के लिए सर्वप्रथम टैक्सी ड्राइवर, फिर ढाबा मालिक और परिवहन व्यवस्था दोषी साबित हो रही है। बेशक कुछ सैलानी माहौल खराब करते हैं, लेकिन इससे बचने के लिए हमने क्या किया। बहरहाल टूरिस्ट इंडस्ट्री की खाल में घुस कर कई तरह के अवैध काम हो रहे हैं, जिनमें मादक वस्तुओं का सेवन और ऐशोआराम के गलत तरीके सामने आ रहे हैं। प्रदेश भर में कई अवैध बीएंडबी होम स्टे, टैंट कालोनियां व टूअर आपरेटर चल रहे हैं। ऐसे में अगर किसी तरह की दुर्घटना, अग्निकांड या प्राकृतिक आपदा होती है, तो कौन जिम्मेदार होगा।

# सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के 12 वर्ष

*काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के भव्य विस्तार के साथ महर्षि विश्वामित्र द्वारा पावागढ़ में स्थापित काली मां के मंदिर से 500 वर्ष बाद दरगाह को हटाकर शिखर ध्वज फहराना मोदी सरकार में ही संभव हो सका है। हाल ही में भोजशाला को भी न्यायालय ने वाग्देवी का मंदिर मानते हुए हिन्दुओं के पक्ष में निर्णय दिया है। भारत से चोरी हुई 642 प्राचीन वस्तुएं जिनमें अधिकांश देवी देवताओं की मूर्तियां हैं, कूटनीतिक प्रयासों से पिछले 12 वर्षों में वापस आई हैं जो किसी भी देश के लिए रिकार्ड है। इसके अलावा सरकार के सतत प्रयास से आयुर्वेद और योग को अन्तरराष्ट्रीय पहचान मिली है। दुनियाभर में हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाने लगा है। वर्ष 2024 में तकरीबन 150 देशों ने आयुर्वेद दिवस मनाकर भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व को रेखांकित किया। सरकार के प्रयास से इस समय भारत में 43 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं जबकि 62 स्थल अस्थाई सूची में शामिल किए गए हैं। बौद्ध सर्किट और करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी सरकार के इसी दिशा में किए गए प्रयासों की ओर इशारा करते हैं। प्रयागराज में कुम्भ मेले के भव्य आयोजन ने भी सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान को पुनर्स्थापित करने में विशेष योगदान दिया। प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था के प्रतीक सेंगोल की नवनिर्मित संसद भवन में स्थापना से भी प्राचीन भारतीय परम्परा को नई पहचान मिली है। इसके अलावा काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों से सनातन धर्मावलम्बियों को क्षेत्र और भाषा आदि के नाम पर बांटने के प्रयासों की धार कुंद करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बीते 12 सालों में सरकार के प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रयासों से सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के अनेक प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी बहुत लंबी यात्रा बाकी है।*

*विकास सक्सेना*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की बागडोर संभाले 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस कालखण्ड में देश की आर्थिक, राजनैतिक, कूटनीतिक, सामाजिक, तकनीकी, सामरिक, अंतरिक्ष विज्ञान, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का जो स्वरूप देखने को मिला है उसने देशवासियों में आत्मविश्वास और आत्मगौरव की भावना को संचार किया है। अबतक के अपने कार्यकाल में मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर चुनौतियों का सामना करने वाली 'फ्रेजाइल फाइव' अर्थव्यवस्थाओं में से निकाल कर दुनिया की सबसे तेजी गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया। आज भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और फिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेनाओं ने अपने साहस, पराक्रम और रणनीतिक तथा तकनीकी कुशलता के दम पर हथियारों की सटीकता और उन्नत रक्षा प्रणाली का पूरे विश्व में लोहा मनवाया है। इसी का नतीजा है कि तमाम देश भारत में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने को उत्सुक हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने चंद्रयान-3 के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया। अंतरिक्ष विज्ञान के सूरमा माने जाने वाले अमेरिका और रूस जैसे देश भी आज तक इस दिशा में सफलता हासिल नहीं कर सके हैं। इससे पहले इसरो ने अपने प्रथम प्रयास में ही मंगल ग्रह की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश करके अमेरिका और रूस जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया था।

इन तमाम उपलब्धियों के बीच मोदी सरकार ने बीते 12 वर्षों में जो सबसे बड़ा काम किया, वो है भारतीय जनमानस में आत्मविश्वास, आत्मगौरव और स्वाभिमान की भावना का संचार। मोदी सरकार के सतत प्रयासों से भारतीय जनमानस में गुलामी के बारह सौ सालों में विकसित हुए हीनता की ग्रन्थी टूटी है और भारतीय मेधा नई ऊर्जा के साथ प्रत्येक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

आठवीं शताब्दी के मध्य में भारत में विदेशी आक्रांताओं ने हमले शुरू किए। इन आक्रांताओं का लक्ष्य सिर्फ भारत की अपार धन संपदा को लूटना भर नहीं था बल्कि अपने मत मजहब को स्थापित करके 'गजवा ए हिन्द' की संकल्पना को साकार रूप देना था। सोलहवीं शताब्दी में व्यापार करने आई ईस्ट इण्डिया कम्पनी का भी उद्देश्य सिर्फ लाभ अर्जित करने तक सीमित नहीं रहा। उसके अधिकारी भी सुनियोजित तरीके से यहां ईसाइयत के विस्तार में जुट गए। लेकिन इस्लाम और ईसाइयत के व्यापक प्रसार में



सबसे बड़ा रोड़ा दुनिया की प्राचीनतम सनातन संस्कृति की भारतीय जनमानस में मन मस्तिष्क और जीवनशैली में रची बसी गहरी जड़ें थीं। इनको नष्ट भ्रष्ट करने के लिए गौरी, गजनी, खिलजी और मुगल आक्रांताओं ने यहां के मंदिरों को तोड़ा ताकि यहां के उत्कृष्ट स्थापत्य कला को नष्ट करने के साथ ही भारतीय सांस्कृतिक आध्यात्मिक शक्ति पर आघात किया जा सके।

सनातन धर्मावलम्बियों में हीन भावना भरने के लिए तोड़े गए मंदिरों के अवशेषों पर इस प्रकार मस्जिदों का निर्माण किया गया जिससे मंदिरों के चिन्ह भी स्पष्ट तौर पर दिखते रहें। हजारों साल में संग्रहित भारतीय ज्ञान परंपरा के साहित्य को जलाया गया ताकि सनातन संस्कृति के सतत प्रसार को बाधित किया जा सके। अपनी समृद्धि के कारण सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत में व्यापार करने आई ईस्ट इण्डिया कम्पनी का प्रभाव बढ़ने से पहले जो आक्रांता भारत आए उन्होंने ताकत और तलवार के दम पर इस्लाम के प्रसार का भरसक प्रयास किया। तमाम अत्याचार के बावजूद ये इस्लामिक आक्रांता सनातन संस्कृति, धर्म, भाषा, शिक्षा, चिकित्सा पद्धति और आध्यात्म को लेकर सनातन धर्मावलम्बियों के विश्वास और आत्मगौरव के भाव को डिगा नहीं सके। लेकिन ईस्ट इण्डिया कंपनी की जड़ें जैसे ही मजबूत हुईं, उसकी समझ में आ गया कि अगर भारत में लम्बे समय तक आर्थिक लाभ कमाने के साथ ईसाइयत को स्थापित करना है तो सबसे पहले सनातन धर्मावलम्बियों में हीनता की ग्रंथी विकसित करनी होगी। इसके लिए सनातन संस्कृति से जुड़ी ज्ञान परम्परा, साहित्य, चिकित्सा, आध्यात्म, पर्वों, उत्सवों और सामाजिक परंपराओं को हेय बताते हुए भारतीय लोगों में अपराधबोध और आत्मग्लानि की भावना विकसित करने के सुनियोजित प्रयास किए गए। सनातन साहित्य में मिलावट करके उन्हें षड्यंत्रपूर्वक दूषित किया गया।

यहां की चिकित्सा पद्धति को निष्प्रभावी बताने का प्रयास किया गया। विदेशी आक्रांताओं के प्रभाव और देशकाल परिस्थितियों के कारण कुछ क्षेत्रों में विकसित हुई कुरीतियों को समाज सुधार के नाम पर अपने पिट्ठुओं से विरोध कराकर इनको इस प्रकार प्रचारित किया जैसे ये संपूर्ण सनातन धर्म की स्थापित प्रथा और अनिवार्य परंपराएं हैं। यहां तक कि हमारे गिल्ली-डंडा, कंचे, पतंगबाजी, बग्गा-बग्घी जैसे खेलों को बेवजह हेय दिखाने के सुनियोजित प्रयास किए गए। ईसाई मिशनरियों और ब्रिटिश सरकार के सतत प्रयास से देश में एक बड़ा वर्ग विकसित हो गया जो सनातन धर्म और संस्कृति को हेय दृष्टि से देखता था।

क्रांतिकारियों को बलिदान और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप 1947 में जब देश को अंग्रेजों की सत्ता से आजादी मिली तो उसके साथ धर्म के आधार पर पुण्य मातृभूमि का विभाजन भी स्वीकार करना पड़ा। दुर्भाग्य से तत्कालीन नेतृत्व की भारतीय सनातन संस्कृति के प्रति संवेदनहीनता के चलते माता 51 शक्तिपीठों में से एक हिंगलाज माता मंदिर पाकिस्तान और सात शक्तिपीठ जेशोश्वरी माता मंदिर, सुगंधा माता मंदिर, अपर्णा माता मंदिर, जयंती माता मंदिर, महाशक्ति माता मंदिर, चट्टल भवानी माता मंदिर और त्रिस्रोता माता मंदिर बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में चले गए। इसके अलावा ढाकेश्वरी माता का मंदिर और सिखों का प्रमुख तीर्थ करतारपुर साहिब गुरूद्वारा पाकिस्तान को दे दिए गए लेकिन भारतीय नेतृत्व की ओर से इसे लेने के कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। दुर्भाग्य से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब हमारी सेना के पराक्रम से नया बांग्लादेश बना तब भी न तो करतापुर साहिब को वापस लेने के प्रयास हुए न ही बांग्लादेश स्थित मंदिरों को वापस हासिल करने के कोशिश की गई। लेकिन वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद हालात तेजी से बदले हैं। बीते 12 वर्षों में 500 साल के लम्बे संघर्ष के बाद अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के भव्य विस्तार के साथ महर्षि विश्वामित्र द्वारा पावागढ़ में स्थापित काली मां के मंदिर से 500 वर्ष बाद दरगाह को हटाकर शिखर ध्वज फहराना मोदी सरकार में ही संभव हो सका है। हाल ही में भोजशाला को भी न्यायालय ने वाग्देवी का मंदिर मानते हुए हिन्दुओं के पक्ष में निर्णय दिया है। भारत से चोरी हुई 642 प्राचीन वस्तुएं जिनमें अधिकांश देवी देवताओं की मूर्तियां हैं, कूटनीतिक प्रयासों से पिछले 12 वर्षो में वापस आई हैं जो किसी भी देश के लिए रिकार्ड है। इसके अलावा सरकार के सतत प्रयास से आयुर्वेद और योग को अन्तरराष्ट्रीय पहचान मिली है। दुनियाभर में हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाने लगा है। वर्ष 2024 में तकरीबन 150 देशों ने आयुर्वेद दिवस मनाकर भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व को रेखांकित किया। सरकार के प्रयास से इस समय भारत में 43 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं जबकि 62 स्थल अस्थाई सूची में शामिल किए गए हैं। बौद्ध सर्किट और करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी सरकार के इसी दिशा में किए गए प्रयासों की ओर इशारा करते हैं। प्रयागराज में कुम्भ मेले के भव्य आयोजन ने भी सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान को पुनर्स्थापित करने में विशेष योगदान दिया। प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था के प्रतीक सेंगोल की नवनिर्मित संसद भवन में स्थापना से भी प्राचीन भारतीय परम्परा को नई पहचान मिली है। इसके अलावा काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों से सनातन धर्मावलम्बियों को क्षेत्र और भाषा आदि के नाम पर बांटने के प्रयासों की धार कुंद करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बीते 12 सालों में सरकार के प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रयासों से सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के अनेक प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी बहुत लंबी यात्रा बाकी है।

***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***

विचार

# सोनिया गांधी का समर्पण और आज की कुर्सी-लोलुप सियासत



*राम प्रताप गुप्ता*

भारतीय राजनीति के आधुनिक इतिहास में त्याग, धैर्य और समर्पण की जब भी निष्पक्ष समीक्षा होगी, सोनिया गांधी का नाम एक असाधारण और विरल अध्याय के रूप में दर्ज किया जाएगा। सत्ता की आपाधापी, कुर्सी की अंतहीन दौड़ और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के इस कोलाहल भरे दौर में, किसी का सत्ता के शिखर पर पहुंचकर उसे सहजता से ठुकरा देना मानवीय गरिमा की एक अद्भुत मिसाल है। यदि हम भारत या किसी भी अन्य देश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अतीत के पन्नों को पलटें, तो वहाँ सिंहासन और राजपाट के लिए संघर्ष की एक लंबी और रक्तरंजित परंपरा दिखाई देती है। द्वापर युग का महाभारत, अपनों के बीच राजपाट के लिए लड़े गए विनाशकारी युद्ध का ऐसा जीवंत उदाहरण है जिसकी विभीषिका से इतिहास आज तक कांप उठता है। वहीं, त्रेता युग के रामायण में माता कैकेयी द्वारा अपने पुत्र भरत के मोह में आकर न्यायसंगत उत्तराधिकारी भगवान राम के लिए चौदह वर्ष का कठोर वनवास मांगना, पुत्र-मोह और सत्ता-लोभ की शाश्वत मानवीय कमजोरी को दर्शाता है।

लेकिन, आधुनिक भारत के इतिहास ने एक ऐसा भी अभूपूर्व दौर देखा जब सत्ता के सारे स्थापित नियम उलट गए। साल 2004 के आम चुनावों में जब कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) को स्पष्ट बहुमत मिला, तो पूरे देश और वैश्विक मीडिया को पूरा विश्वास था कि सोनिया गांधी ही भारत की अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। राष्ट्रपति भवन से बुलावा आ चुका था और वे सत्ता के सर्वोच्च शिखर पर कदम रखने ही वाली थीं, लेकिन 18 मई 2004 को कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री पद स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। यह त्याग केवल अपने लिए पद छोड़ना भर नहीं था, बल्कि उन्होंने तत्कालीन राजनीतिक परिदृश्य में अपने पुत्र राहुल गांधी को भी सत्ता सौंपने की कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई। इसके विपरीत, उन्होंने देश की कमान एक प्रखर अर्थशास्त्री और बेहद शालीन छवि वाले नेता डॉ. मनमोहन सिंह को सौंप दी। धरती जैसा धैर्य और मातृत्व की ऐसी अप्रतिम गरिमा, जो सत्ता के तात्कालिक मोह से ऊपर उठकर देश हित को चुने, वास्तव में इस धरा पर विरल है।

सोनिया गांधी और राजीव गांधी के जीवन का अवलोकन करें, तो स्पष्ट होता है कि दोनों में से किसी की भी रुचि सक्रिय राजनीति में कभी नहीं थी। राजीव गांधी एक पेशेवर पायलट के रूप में अपनी शांत, सुंदर और एकांत जिंदगी जी रहे थे और सोनिया जी एक समर्पित गृहणी के रूप में अपने छोटे से परिवार को संभाल रही थीं। लेकिन नियति की योजना कुछ और ही थी। 31 अक्टूबर 1984 का वह काला दिन, जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की उनके ही आवास पर गोलियों से छलनी कर क्रूर हत्या कर दी गई, उसने सब कुछ बदल कर रख दिया। देश एक गहरे संकट में था, ऐसे में राजीव गांधी को बेहद अनमने मन से, केवल देश को संभालने और अपनी मां की विरासत को अक्षुण्ण रखने के लिए राजनीति के कांटों भरे मैदान में उतरना पड़ा। सोनिया गांधी उस समय इस फैसले के सख्त खिलाफ थीं, क्योंकि वे राजनीति की क्रूरता और उसके प्राणघातक खतरों से अच्छी तरह वाकिफ थीं।

उनकी यह आशंका 21 मई 1991 को तब सच साबित हुई, जब तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक आत्मघाती आतंकी हमले में उनके जीवनसाथी राजीव गांधी की नृशंस हत्या कर दी गई। सोनिया गांधी का पूरा संसार उजड़ चुका था। इस गहरे आघात के बाद उन्होंने खुद को राजनीति से पूरी तरह दूर कर लिया। लेकिन 90 के दशक के उत्तरार्ध में जब कांग्रेस बिखर रही थी और देश के सामने एक मजबूत लोकतांत्रिक विमर्श को बचाए रखने की चुनौती थी, तो कार्यकर्ताओं के भारी दबाव में उन्होंने मजबूरन और बेहद अनमने मन से राजनीति में कदम रखा। यह कदम भी सत्ता की भूख से नहीं, बल्कि देश के प्रति कर्तव्य के अहसास से प्रेरित था। इटली की धरती पर जन्मीं सोनिया गांधी ने जब भारत को अपना घर बनाया, तो उन्होंने यहाँ की संस्कृति को सिर्फ अपनाया नहीं, बल्कि उसे अपनी आत्मा में बसा लिया। राजनीति के शीर्ष पर रहते हुए भी उनकी बोली और व्यवहार में सदैव एक विशिष्ट नम्रता और शालीनता रही। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में, पक्ष हो या विपक्ष, किसी भी नेता के खिलाफ कभी अमर्यादित शब्दों का प्रयोग नहीं किया।

लेकिन इस महान त्याग और शालीनता के विपरीत, आज की समकालीन राजनीति का परिदृश्य एक बेहद चिंताजनक और स्याह तस्वीर पेश करता है। कहाँ वो दौर था जब शुचिता और नैतिक जिम्मेदारी राजनीति का मूल तत्व हुआ करती थी, और कहाँ आज का दौर है जहाँ सिद्धांत नहीं, बल्कि कुर्सी का मोह सर्वोपरि हो चुका है। वर्तमान समय में नैतिक जिम्मेदारी और राजनीतिक शुचिता के मायने पूरी तरह बदल चुके हैं। आज व्यवस्था की बड़ी से बड़ी खामी, नीतिगत विफलताओं और भ्रष्टाचार के संगीन मामलों के बाद भी किसी मंत्री या जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के भीतर से इस्तीफे की आवाज नहीं गूंजती। अंतरात्मा की आवाज सुनना तो दूर, आज की सत्ता का आचरण पूरी तरह संवेदनहीन हो चुका है।

इसका सबसे दर्दनाक उदाहरण देश के करोड़ों युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के रूप में सामने आ रहा है। देश की तमाम प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाएं आज भ्रष्टाचार, पेपर लीक और घोटालों की भेंट चढ़ रही हैं। महीनों-सालों तक रात-दिन एक कर, अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई लगाकर तैयारी करने वाले बेरोजगार युवा आज अवसाद और आत्महत्या की कगार पर खड़े होने को मजबूर हैं। हाल ही में सीजेपी के नेतृत्व में लाखों युवाओं ने देश की राजधानी के जंतर-मंतर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। अपनी आँखों में टूटते सपनों का दर्द और व्यवस्था के प्रति आक्रोश लिए इन युवाओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की, ताकि जवाबदेही तय हो सके। लेकिन अफ़सोस, सत्ता की बहरी हो चुकी दीवारों से इस चीख की कोई सुनवाई नहीं हुई। नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ने की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा अब गुजरे जमाने की बात बन चुकी है। आज गलतियाँ होने पर, युवाओं का भविष्य बर्बाद होने पर भी मंत्रियों को अपनी कुर्सी से चिपके रहने का मोह है, जो यह दिखाता है कि समकालीन राजनीति जनहित से कितनी दूर जा चुकी है।

आज भाषाई मर्यादा का स्तर भी लगातार पाताल की ओर गिरा है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे ज़िम्मेदार लोगों के पास जैसे विपक्ष के नेताओं के लिए अपशब्दों का एक अंतहीन भंडार है। जब से देश की राजनीतिक फिजा बदली है, तब से कड़वाहट का बोलबाला हो गया है। यह एक कड़वा सच है कि जो राजा आचरण करता है, वही उसके मातहत और कार्यकर्ता सीखते हैं। देश के सर्वोच्च पद पर बैठकर जब सोनिया गांधी जैसी सम्मानित महिला, जिसने देश के लिए अपना सब कुछ खो दिया, उन्हें बार बाला कहकर संबोधित और प्रचारित किया जाता रहा, तो यह कृत्य उस नेतृत्व और उसके समर्थकों के संस्कारों के खोखलेपन को पूरी तरह उजागर कर देता है। भारत एक ऐसा देश है जहां नारी को देवी और शक्ति का रूप माना जाता रहा है, लेकिन आज बिना अमर्यादित शब्दों के जैसे सियासत संभव ही नहीं लगती। राजनीति में वैचारिक मतभेद लोकतांत्रिक विमर्श की आत्मा है, लेकिन जब विरोध व्यक्तिगत कीचड़ उछालने और किसी महिला के स्त्रीत्व को अपमानित करने पर उतर आए, तो यह पूरे समाज को शर्मसार करता है।

एक तरफ आज की राजनीति है जहाँ देश के भविष्य के रोने और चिल्लाने पर भी सत्ता का मोह नहीं छूटता, और दूसरी तरफ सोनिया गांधी का वह चरित्र है जिन्होंने खुद चलकर आते हुए प्रधानमंत्री पद को मुस्कुराते हुए ठुकरा दिया था। सोनिया गांधी के इस महान त्याग, सर्वोच्च बलिदान और हिंदुस्तान के लिए उनके संपूर्ण समर्पण की कहानी किसी एक दल की सीमा में नहीं बांधी जा सकती। धार्मिक ग्रंथों के पात्रों या ऐतिहासिक नायकों से उनका यह मौन त्याग कहीं आगे निकल जाता है, जिसने आधुनिक भारत की राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। एक विदेशी मूल की महिला का भारत आकर यहाँ की मिट्टी से ऐसा अनन्य, सच्चा और अटूट प्रेम करना कि वह अपने जीवन के सबसे बड़े व्यक्तिगत दुखों के बाद भी इसी देश की सेवा में मुस्कुराते हुए जुटी रही, अपने आप में एक हृदयस्पर्शी मिसाल है, जो आज की स्वार्थी और कुर्सी-लोलुप राजनीति को आईना दिखाती रहेगी।

साहित्य

## सूरज पर टैक्स



**संजय एम तराणेकर**

*सूरज की किरणों पे अब पहरा लगने लगा है,*
*छत पर उजियारा भी शुल्क देकर जलने लगा है।*

*सूरज ने सदा जगत को मुफ्त रोशनी बाँटी है,*
*उसकी ऊर्जा पे भी देखो सरकारी मुहर छापी है।*

*घर-घर जो दीप जलाए, खेतों में हरियाली दी,*
*उस किरण से बिजली लें जनता ने खुशहाली ली।*

*पर सत्ता के गलियारों में कुछ हिसाब चल रहा,*
*सेवा शुल्क के नाम जनहित का सपना जल रहा।*

*ये नियम ज़रूरी, व्यवस्था का सम्मान करो,*
*अपने ही संसाधन पर क्यों इतना अपमान सहो?*

*जनता खुद ऊर्जा गढ़े तो इसमें अपराध कहाँ?*
*स्व-श्रम से रोशनी पाना कोई गलत प्रयास कहाँ?*

*सूरज सबका साथी, न उसका कोई दल होता,*
*अमीर-गरीब न देखे, सबके आँगन पलता होता।*



## राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# एक छात्र के प्रश्न और पूरा तंत्र

*डॉ. नीलम*

भारत की सभ्यता में परीक्षा केवल अंकों का खेल नहीं रही। हमारे यहां परीक्षा का अर्थ रहा है स्वयं को सिद्ध करना, अपनी योग्यता को समाज के समक्ष प्रमाणित करना और अपने श्रम को सम्मान दिलाना। यही कारण है कि भारतीय परिवारों में परीक्षा केवल विद्यार्थी नहीं देता, उसके साथ पूरा परिवार परीक्षा देता है। मां अपनी नींद त्यागती है, पिता अपनी इच्छाएं स्थगित करता है और छात्र अपनी किशोरावस्था का बड़ा हिस्सा पुस्तकों के बीच छोड़ आता है। किन्तु आज प्रश्न यह है कि क्या हमारी परीक्षा प्रणाली भी उतनी ही ईमानदार है जितनी मेहनत हमारे बच्चे करते हैं? यह प्रश्न इसलिए नहीं उठ रहा कि किसी परीक्षा में कुछ त्रुटियां हुई हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि देश की दो सबसे बड़ी परीक्षा प्रणालियां सी.बी.एस.ई. और नीट लगातार विवादों में घिरी हैं।

सी.बी.एस.ई. की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओ.एस.एम.) प्रणाली को लेकर उठा विवाद केवल डिजिटल मूल्यांकन की त्रुटि का नहीं है। मामला केवल किसी सॉफ्टवेयर, किसी टैंडर या किसी तकनीकी गड़बड़ी का भी नहीं है। बात यह है कि जिस देश में प्रशासनिक ढांचे पर हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च होते हों, जहां विशेषज्ञ समितियों, सलाहकारों, तकनीकी वैंडरों और निरीक्षण एजैंसियों का पूरा तंत्र मौजूद हो, वहां एक 17 वर्षीय छात्र ऐसी कमियों की ओर संकेत कर देता है, जिन्हें पूरा सिस्टम समय रहते पहचान नहीं पाता। यही इस पूरे विवाद का सबसे असुविधाजनक सत्य है।भारत में लगभग 4 करोड़ विद्यार्थी हर वर्ष किसी न किसी बोर्ड, प्रवेश या प्रतियोगी परीक्षा में बैठते हैं। केवल सी.बी.एस.ई. की बोर्ड परीक्षाओं में 42 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होते हैं।

नीट में 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी बैठते हैं। जे.ई.ई. मेन में 15 लाख से अधिक विद्यार्थी भाग लेते हैं। अर्थात भारत का परीक्षा तंत्र कई देशों की कुल आबादी से बड़ा है। ऐसे में परीक्षा केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं होती, वह राज्य और नागरिक के बीच विश्वास का अनुबंध होती है। लेकिन जब एक छात्र सार्वजनिक रूप से यह प्रश्न पूछता है कि मूल्यांकन प्रणाली, टैंडर प्रक्रिया और तकनीकी संरचना में इतनी स्पष्ट विसंगतियां मौजूद थीं तो उन्हें पहले क्यों नहीं देखा गया, तब उसका प्रश्न केवल सी.बी.एस.ई. से नहीं, पूरे शासन-तंत्र से होता है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह नहीं कि तकनीकी गड़बडियां हुई, यह कि जिन कमियों को पहचानने के लिए पूरा प्रशासनिक ढांचा मौजूद था, उन्हें उजागर करने का काम एक 17 वर्षीय छात्र को करना पड़ा। यही इस पूरे प्रकरण का सबसे असहज और सबसे महत्वपूर्ण सत्य है।

भारत में प्रशासनिक सेवा को देश का सबसे सक्षम तंत्र माना जाता है। हजारों अभ्यथ्र्थयों में से चुनकर आने वाले अधिकारी नीति निर्माण से लेकर अरबों





रुपए की परियोजनाओं तक का संचालन करते हैं। फिर प्रश्न उठता है कि जिस व्यवस्था के पास विशेषज्ञ, सलाहकार, तकनीकी समितियां और निगरानी तंत्र मौजूद हों, वहां एक छात्र को ऐसी खामियां क्यों दिखाई देती हैं जो अधिकारियों को नहीं दिखतीं? उत्तर असुविधाजनक है। समस्या क्षमता की नहीं, संवेदनशीलता की है।

हमारी नौकरशाही का एक बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे उस वास्तविक दुनिया से दूर होता गया है, जिसके लिए वह बनाई गई थी। फाइलों में सब कुछ व्यवस्थित दिखाई देता है। प्रस्तुतियों में सब कुछ सफल दिखाई देता है। रिपोर्टों में सब कुछ नियंत्रित दिखाई देता है। लेकिन जमीन पर खड़ा विद्यार्थी अक्सर एक अलग वास्तविकता देख रहा होता है। यही दूरी अंततः संकट को जन्म देती है और यह संकट है 'सब ठीक है' की मानसिकता का। प्रैजैंटेशन में सब ठीक है! डैशबोर्ड में सब ठीक है! लेकिन जमीन पर क्या हो रहा है, यह जानने की कोशिश ही नहीं की जाती। यही कारण है कि अक्सर चेतावनी के संकेत पहले छात्रों, शिक्षकों, पत्रकारों या आम नागरिकों को दिखाई देते हैं और बाद में अधिकारियों को। यह घटना एक प्रतिभाशाली छात्र की जीत से अधिक, एक व्यवस्था की हार की कहानी है क्योंकि परीक्षा में हुई गड़बड़ी सुधारी जा सकती है। सॉफ्टवेयर बदला जा सकता है।

अधिकारियों का तबादला किया जा सकता है। नई समिति बनाई जा सकती है। लेकिन यदि छात्रों का विश्वास टूट जाए, तो उसकी भरपाई किसी प्रशासनिक आदेश से नहीं की जा सकती। जिस दिन उन्हें यह लगने लगे कि उनकी मेहनत से अधिक महत्व व्यवस्थागत कमजोरियों का है, उसी दिन संस्थाओं की नैतिक शक्ति कमजोर होने लगती है। सुधार किसी नए पोर्टल से शुरू नहीं होगा। सुधार किसी नई समिति से भी शुरू नहीं होगा।

सुधार तब शुरू होगा, जब व्यवस्था यह स्वीकार करेगी कि पारदर्शिता कोई कृपा नहीं, लोकतांत्रिक दायित्व है। और जब विफलताओं की जिम्मेदारी केवल सिस्टम की नहीं होगी, इसके व्यक्ति भी जवाबदेह होंगे। इस घटना से आज हम एक ऐसे दोराहे पर खड़े हैं जहां छात्रों की परीक्षा के साथ, परीक्षा स्वयं व्यवस्था की भी चल रही है। दुर्भाग्य से इस बार प्रश्नपत्र व्यवस्था के सामने था और उत्तर एक छात्र ने दिया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### प्रेमी युगल ने किशनपुर के फाल्गुन गिरि मंदिर में रचाई शादी

**परिजनों की मौजूदगी में वरमाला पहना एक-दूजे के संग रहने की खाई सौगंध**



**विजयीपुर, फतेहपुर।** विजयीपुर क्षेत्र के किशनपुर कस्बा स्थित फाल्गुन गिरी मंदिर में रविवार दोपहर प्रेमी युगल ने दोनों परिवार की मौजूदगी में आपसी सहमति से एक दूसरे को वरमाला पहनाकर साथ में रहने की सौगंध खाई किशनपुर थाना क्षेत्र के धाने मजरे गढा निवासी आशीष कुमार पुत्र मुन्ना निषाद क्षेत्र के ही भीखमपुर मजरा कछरा गांव निवासी सीता देवी पुत्री बालकृष्ण दास के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी दोनों परिवार को बीते शुक्रवार को हुई तो रविवार को दोनों पक्ष के लोग किशनपुर के कस्बा स्थित फाल्गुन गिरी मंदिर पहुंचे जहां हिंदू रीति रिवाज से दोनों प्रेमी युगल ने एक दूसरे को जयमाला डालकर विवाह रचा लिया जिसके बाद आशीष ने मांग में सिंदूर भरकर साथ जीने मरने की सौगंध खाई। इस मौके पर प्रेमी युगल के परिजन तथा कछरा ग्राम प्रधान वीरभान सिंह एवं गाजीपुर प्रधान गोवर्धन निषाद, उमेश निषाद सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

### भाजपा की मंडल पनवाड़ी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई



**पनवाड़ी/महोबा।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल पनवाड़ी की मासिक बैठक गायत्री शक्ति पीठ गायत्री मंदिर में सम्पन्न हुई, जिसमें पार्टी के संगठन विस्तार एवम आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। गौरतलब हो कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा जिला महा मंत्री श्रीप्रकाश वर्मा रहे एवम जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरनारायण यादव व किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्षसंतोष अग्निहोत्री भी बैठक में शामिल रहे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक ने की।मुख्य वक्ता जिला महामंत्री श्रीप्रकाश वर्मा ने कहा पार्टी के कार्यालय में अनवरत कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमे सभी कार्यकर्ताओं को हिस्सा लेकर कार्यक्रम सफल बनाना है श्रीप्रकाश ने कहा शासन की योजनाओं को घर घर एवम गली गली में विस्तार से अवगत कराना है और भाजपा को मजबूत करना है ।संतोष पाठक मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक मात्र भारतीय जनता पार्टी पार्टी है जो कार्यकर्ताओ को देव तुल्य कहा करती है उन्होंने कहा कि विधान सभी चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की व्यापक तैयारी चल रही है जिले के नेतृत्व द्वारा आगामी कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है जिसमेमंडल के सभी पदाधिकारी अच्छा सहयोग देंगे और पार्टी मजबूत होगी । इस अवसर पर महेंद्र वर्मा, गौरव वर्मा, उपेन्द्र द्विवेदी, नरेंद्र कुश वाहा ,मनोज सोनी, दलपत सिंह, महेंद्र मिश्रा, हरिओम राजपूत आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री के भतीजे से विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान, खेत में पड़ा मिला शव



**जालौन (उरई)।** पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद रहे वरिष्ठ सपा नेता श्रीराम पाल के भतीजे ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दी। उनका शव खेतों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद रहे वरिष्ठ सपा नेता श्रीराम पाल का भतीजा जयसिंह पाल (34) पुत्र गंगाराम पाल शनिवार की सुबह करीब नौ बजे वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परवई स्थित घर से बिना बताए बाइक लेकर बाहर निकल गया। परिजनों ने देर रात तक उसका घर लौटने का इंतजार किया जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। रात में उसका कहीं पता नहीं चला। तलाश करने के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला और न ही मोबाइल से उससे संपर्क हुआ। जिसके बाद बड़े भाई धर्मसिंह पाल उसकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए छिरिया मलकपुरा चौकी पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे जब वह छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस के साथ जालौन कोतवाली की ओर आ रहे थे। तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास जालौन की ओर स्थित पेट्रोल टैंक के पीछे रास्ते में उन्हें जयसिंह पाल की बाइक खड़ी दिख गई। जब बाइक के आसपास खेतों में देखा तो जयसिंह का शव वहां पड़ा हुआ था। पास में ही सल्फास का पाउच भी पड़ा हुआ था। साथ में मौजूद पुलिस कर्मियों ने कोतवाल को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते कोतवाल हरिशंकर चंद, चौकी प्रभारी आलोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से जब जानकारी ली तो वह कुछ नहीं बता सके। उनका कहना था कि घर में सब ठीक था। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मौके पर सल्फास का पाउच पड़ा मिला है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बेटे की मौत से पिता गंगाराम पाल व पत्नी गुड़िया रो रोकर बेहाल हैं।

### ब्लॉक कोंच से स्थानांतरित सचिवों को दी गई भावभीनी विदाई



**कोंच (जालौन)।** कोंच ब्लॉक में शुक्रवार को विकास खंड कार्यालय के सभागार कक्ष में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) नरेंद्र पटेल और ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) वसीम खान को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। दोनों अधिकारियों का अन्य विकास खंडों में स्थानांतरण होने पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की ओर से उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आपको बता दे कि सचिव नरेंद्र पटेल का स्थानांतरण विकास खंड डकोर तथा वसीम खान का स्थानांतरण विकास खंड रामपुरा किया गया है। समारोह में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने दोनों सचिवों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मूलचंद निरंजन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन अपने कार्यों और व्यवहार से लोगों के दिलों में स्थान बनाने वाले अधिकारी हमेशा याद किए जाते हैं। उन्होंने दोनों सचिवों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए नए कार्यस्थल पर भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्व निभाने की शुभकामनाएं दीं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र पटेल 'शीलू पडरी' ने भी अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के संचालन और शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया है। समारोह के दौरान अतिथियों एवं कर्मचारियों द्वारा दोनों सचिवों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशान्त श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सचिव नरेंद्र, पूनम, सूरजभान, प्रशांत, हर्षित गुप्ता सहित ब्लॉक के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा और सभी ने दोनों अधिकारियों को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

### पर्यावरणीय प्रदूषण मानव जीवन के लिए संकट पैदा कर रहा: मीनू मिश्रा



**कोंच (जालौन)।** कोंच में जालौन रोड पर सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के तत्वावधान में आज पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पर्यावरण संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीनू मिश्रा जिला मंत्री भाजपा जनपद जालौन और कोंच नगर भाजपा प्रभारी मौजूद रही। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री भाजपा मीनू मिश्रा ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को खतरा है। पर्यावरणीय प्रदूषण मानव जीवन के लिए संकट पैदा कर रहा है, हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि यथासम्भव पर्यावरण को सुरक्षित एवम संरक्षित रखने का प्रयास करेंगे एवम समाज को पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने जिला मंत्री मीनू मिश्रा को अंगवस्त्र एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपक मिश्रा एडवोकेट मनीष नगरिया, अनिल अग्रवाल, डॉ सुनील मुदगिल, अजय स्वर्णकार, नीरज सोनी सुरेन्द्र यादव, गजेन्द्र सिंह राजावत, अनिल यादव, विकास ठाकुर, अखिलेश यादव, मुकेश कुमार बृजेन्द्र यादव पवन यादव खुशनुमा, श्रृष्टि सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# जहानाबाद विधायक ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

- गौ माता का मोमेंटो देकर दी जन्मदिन की बधाई
- जहानाबाद में नई तहसील, गौरी औरा में आश्रम पद्धति स्कूल और 3 नगर पंचायत की मांग, सीएम योगी ने सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का दिया आश्वासन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। सीएम के जन्मदिन पर गौ माता का मोमेंटो भेंट कर उन्हें दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक ने जहानाबाद क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़ी 8 प्रमुख मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। सीएम ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि जहानाबाद सहित पूरे प्रदेश की गौशालाओं में किसानों से सीधे हरा चारा खरीदा जाए। इससे गोवंश को पौष्टिक भोजन मिलेगा और किसानों को आर्थिक लाभ भी होगा। क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए ग्राम गौरी औरा में जयप्रकाश नारायण आश्रम पद्धति विद्यालय बनाने की मांग रखी। जनता को प्रशासनिक सुविधा देने के लिए जहानाबाद में नई तहसील स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए खजुहा, अमौली और देवमई को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग भी रखी गई। चांदपुर बायो गैस प्लांट का निर्माण शीघ्र पूरा कर चालू करने की मांग की, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। प्रदूषण रोकने के लिए क्षेत्र में चल रही अवैध टायर फैक्ट्रियों और कोयला भट्ठियों को तुरंत बंद कराने की मांग रखी। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व दीपक त्रिपाठी, निवासी शिवराजपुर, के परिवार को आर्थिक सहायता देने की भी मांग विधायक ने की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और इन पर सकारात्मक कार्रवाई व शीघ्र निस्तारण का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर के मंडल प्रभारी अरुण शुक्ला और सहयोगी राजकुमार भी उपस्थित रहे।

## अपना दल यस के मोईन खान बने जिला उपाध्यक्ष, हुआ स्वागत



**फतेहपुर।** अपना दल यस कार्यालय में शैलेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता मे मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें संचालन जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल ने किया। जिसमे मुख्य बिंदु पिछले कार्यवाही की समीक्षा, सक्रिय सदस्यता अभियान पर विशेष रूप से चर्चा, पंचायत चुनाव पर चर्चा एंड समीक्षा, बनाए गए सदस्यता की समीक्षा जनपद फतेहपुर में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय प्रादेशिक जिला विधान सभा, जोन सेक्टर बूथ सभी बिंदु पर चर्चा हुई और हर घर नेम प्लेट व झंडा 2027 विधान सभा चुनाव की तैयारी आदि की चर्चा 02जुलाई को डॉ सोनेलाल पटेल के जन्मजयंती दिवस पर जिले से सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य हैं। इस दौरान सनगांव के रहने वाले प्रधान प्रतिनिधि मोइन खान को अपना दल यस का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया और उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष मोइन खान ने कहा कि जो जिम्मेदारी उनको दी गई है उसका वह बाखूबी निर्वहन करेंगे और गांव गाँव पहुंच कर अपना दल यस को मजबूत करेंगे और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में अपना दल यस के प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। इस अवसर पर बृजेश पाल, लईक अहमद, शिव प्रकाश रावत, लाखन सिंह पटेल, वीरेन्द्र सिंह पटेल, योगेन्द सिंह राणा, दीपू पटेल, पदम सिंह पटेल, गुलाब सिंह, रवेंद्र प्रताप,प्रभात लोधी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित/वारंटी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है इस क्रम में उपनिरीक्षक कमल सिंह, उपनिरीक्षक रामकिशन यादव व कान्स्टेबल शीलेश यादव द्वारा 1 नफर वारण्टी अभियुक्त श्रीराम यादव पुत्र भगवानदास, उम्र लगभग 59 वर्ष, निवासी पाठकपुरा कस्बा व थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मु.नं. 753/11 धारा 7/16 पी.एफ. एक्ट के अंतर्गत वारंट लंबित था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हरियाणा ढाबा के पास सड़क किनारे से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## सैनिक उत्थान की बैठक में संरक्षक मंडल के सदस्यों का हुआ स्वागत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक सूबेदार राजकुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम पूर्व सैनिक संतोष द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि सरकंडी एवं राजेंद्र शुक्ला पूर्व ब्लाक प्रमुख भिटौरा ब्लॉक को संगठन का संरक्षक बनाया गया तथा पूर्व सरकारी अधिवक्ता रामकृष्ण पांडे को कानूनी सलाहकार बनाया गया तथा तीनों लोगों को माला पहनाकर तथा संगठन की शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने आरोप लगाया की इस समय यदि कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह तत्काल का आरक्षण फतेहपुर रेलवे स्टेशन से करवा लेगा तो वह असंभव है क्योंकि फतेहपुर स्टेशन को पिछले 2 वर्ष में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स फतेहपुर गवर्नमेंट रेलवे पुलिस फतेहपुर तथा रेलवे अधिकारी फतेहपुर की मिली भगत से दलालों को रात में ही टोकन अलॉट कर दिया जाता है और उसी के अनुसार वह लोग मुंह मांगी कीमत पर जरूरतमंदों को आरक्षण उपलब्ध कराते हैं इसमें बुकिंग क्लर्क से लेकर सभी लोगों का कमीशन तय रहता है। प्रति व्यक्ति रेलवे किराया से अतिरिक्त 1000 से 2000 तक दलालों द्वारा वसूला जाता है। और इसका संचालन स्टेशन के सामने मोटरसाइकिल कर स्टैंड से चलता है। यही नहीं मोटरसाइकिल स्टैंड पर गुंडागर्दी के दम पर निश्चित राशि से ज्यादा पैसा वसूला जाता है न देने पर झगड़ा किया जाता है और आरपीएफतथा जीआरपी भी उन्हीं का साथ देते हैं। इस प्रकार आए दिन झगड़ा होते रहते हैं। इस संदर्भ में संगठन अतिशीघ्र डिविजनल रेलवे मजिस्ट्रेट प्रयागराज को पत्र लिखकर तत्काल करवाई करवाने की मांग करेंगे। इस अवसर पर प्रेम सागर शुक्ला, विमलेश त्रिवेदी, सुनीता यादव, जागृति तिवारी, विनोद कुमार मिश्रा, राजेश कुमार शुक्ला, यदुनंदन यादव, श्रीकांत मिश्रा, मनोज कुमार शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष भाजपा आदि उपस्थित रहे।

## थायराईड से पीड़ित मरीजों के लिए सफेद हाथी साबित हो रही है 'कोवास मशीन'

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





जिले में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते शासन द्वारा भेजी गई लाखों रुपए कीमत की कोवास मशीन सफेद हाथी साबित हो रही है।तकरीबन 6 माह पहले जिला अस्पताल में थायराइड जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों की जांच के लिए भेजी गई तकरीबन 40 लाख रूपये कीमत की मशीन आज भी इंस्टॉलेशन होने का इंतजार करती नजर आ रही है। फिलहाल जिम्मेदार एक सप्ताह के अंदर इनस्टॉलेशन करा मशीन को सुचारू रूप से संचालित करवाने का दावा कर रहे हैं।

देश और प्रदेश की सरकारें भले ही करोड़ों रुपए का बजट आवंटित कर प्रत्येक जनपदों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं होने का दावा करती हों लेकिन देश के सबसे पिछड़े इलाकों में शुमार बुंदेलखंड के महोबा जिले में तैनात स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते शासन द्वारा भेजी गई तकरीबन 40 लाख रुपए की भारी भरकम धनराशि से खरीदी गई कोवास मशीन महोबा के जिला अस्पताल में सफेद हाथी साबित हो रही है। दरअसल बीते दिसंबर माह में सदर विधायक द्वारा जिला अस्पताल की नवनिर्मित आधुनिक लैब का उद्घाटन कर जनपद वासियों को बड़ी सौगात दी गई थी। बताया जाता है कि उद्घाटन के समय नवनिर्मित लैब में लाखों रुपए कीमत की कई मशीनों को लाया गया था जिनमें विटामिन और थायराइड से मरीजों की जांच के लिए दो मशीन सहित दो सिलेक्टरा और दो सीबीसी मशीन लगाई गई थीं। शासन द्वारा भेजी गई 40 लाख रुपए की भारी भरकम लागत की मशीन को महीनों बीतने के बाद आज भी इंस्टॉलेशन का इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके चलते जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को थायराइड की जांच रिपोर्ट के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। दरअसल जिला अस्पताल में थायराइड की जांच के लिए छोटी और बड़ी दो मशीनों को लगाया गया है जिनमें कोवास मशीन की कीमत 40 लाख रुपए बताई जा रही है,इस मशीन से महज 20 मिनट में 50 मरीजों की जांच रिपोर्ट तैयार कर दी जा सकती है,जबकि छोटी मशीन में कई घंटे का समय लगता है ऐसे में बीते 6 माह से जिला अस्पताल की लैब में धूल खा रही कोवास मशीन का इंस्टालेशन ना होना जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

हालांकि जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 600 मरीजों की जांच की जाती हैं,जिला अस्पताल के लैब में उपलब्ध दो-तीन मशीन इंस्टॉल नहीं हुई है जिन्हें जल्द इंस्टॉल करा कर शुरू कर दिया जाएगा। थायराइड और विटामिन जाँच वाली कोवास मशीन अप्रैल माह में ही जिला अस्पताल भेजी गई है जो अभी इनस्टॉल नहीं हुई है इसको भी जल्द इनस्टॉल करा दिया जाएगा । मामले को लेकर सदर विधायक ने बताया कि दिसंबर माह में आधुनिक लैब का उद्घाटन मेरे द्वारा किया गया था उस समय कई मशीनों को लगाया गया था कोवास मशीन के बारे में जानकारी करने पर पता चला है कि अप्रैल माह में यह मशीन आई है जल्द ही इसका इंस्टॉलेशन करा दिया जाएगा।

### पति-पत्नी का विवाद पहुंचा कोतवाली, करायी सुलह

**जालौन (उरई)।** पति-पत्नी के विवाद का मामला कोतवाली पहुंचा। जहां मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों में सुलह समझौता करा दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी नाजिया ने पुलिस को बताया कि उसके पति अफजल उसके साथ मारपीट करते हैं। शनिवार की शाम भी उन्होंने उसके साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी संजय यति सक्रिय हुए। पति अफजल को बुलाया। साथ ही नाजिया की जेठानी संजीदा भी कोतवाली पहुंची। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी व महिला कांस्टेबल शिवानी ने पहले दोनों पक्षों से अलग-अलग वार्ता की और बाद में संयुक्त रूप से बात की गई। इस दौरान पति अफजल ने अपनी बहन संजीदा की मौजूदगी में पत्नी नाजिया को आश्वस्त कि वह भविष्य में किसी प्रकार का विवाद नहीं करेगा। पति-पत्नी के रूप में आपसी सहयोग एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पारिवारिक जीवन व्यतीत करेगा।

## पुलिस लाइन में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक/पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के जीएसओ के आदेश पत्र संख्या डीजी-12-(वे.वामा सारथी कल्याणकारी कार्य-12)/2025 दिनांक 17 नवम्बर 2025 के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशानुसार रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में डॉ. भारत कुमार अपनी टीम (स्टाफ) के साथ उपस्थित रहे। उनके द्वारा पुलिस लाइन परिसर में आवासित पुलिस कर्मियों, उनके परिजनों एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा शुगर एवं बी.पी. (रक्तचाप) की जांच भी की गई। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रोगों की रोकथाम एवं उपचार के विषय में जागरूक किया गया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा ऐसे कल्याणकारी आयोजनों को पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु अत्यंत उपयोगी बताया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया।

### सदर विधायक ने दिया आश्वासन, जल्द खुलेगा मंडी में मूंग खरीद केंद्र



**जालौन (उरई)।** क्षेत्र के किसान नगर स्थित नवीन गल्ला मंडी में मूंग की सरकारी खरीद शुरू कराने की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि बाजार में मूंग का भाव समर्थन मूल्य से काफी कम चल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने किसानों की मांग का संज्ञान लेते हुए जल्द खरीद शुरू कराने के प्रयास की बात कही है। इन दिनों क्षेत्र में मूंग की फसल की कटाई के साथ ही मूंग मंडी में भी पहुंच रही है। किसान नवीन गल्ला मंडी में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन बाजार में मूंग 6000 से 6300 रुपये प्रति कुंतल के बीच बिक रही है। जबकि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य इससे काफी अधिक है। ऐसे में किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसान नवीन गल्ला मंडी में मूंग खरीद केंद्र खोले जाने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके। रविवार को नगर में पहुंचे सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बताया कि किसानों की मांग उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने इस विषय में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय से वार्ता की है और नवीन गल्ला मंडी में शीघ्र मूंग की सरकारी खरीद शुरू कराने का अनुरोध किया है। कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर खरीद केंद्र शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक के आश्वासन के बाद किसानों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही नवीन गल्ला मंडी में मूंग की सरकारी खरीद शुरू होगी और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।

# कुठौंद पुलिस की लगातार तीन बड़ी सफलताओं से जिले में पुलिस की हो रही प्रशंसा

- वारंटी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद और गुमशुदा युवक को परिजनों से मिलाया

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जनपद जालौन में अपराध नियंत्रण न्यायालय से वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियानों के तहत थाना कुठौंद पुलिस ने एक ही सप्ताह में तीन महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कर अपनी सक्रिय कार्यशैली का परिचय दिया है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जालौन के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जहां एक ओर न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया वहीं गुम हुए दो कीमती मोबाइल फोन बरामद कर उनकी स्वामिनी को लौटाया तथा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई में न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त अकील अहमद पुत्र अजीज अहमद निवासी कस्बा एवं थाना कुठौंद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध झांसी न्यायालय द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। इसके साथ ही धारा 82 एवं 83 सीआरपीसी की कार्रवाई भी प्रभावी थी। अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में पुलिस ने उसे उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, महिला आरक्षी दीपिका देवी, महिला आरक्षी रैना सिंह तथा कांस्टेबल चालक विरजेश कुमार शामिल रहे।

### कुठौंद पुलिस ने गुम हुए दो कीमती मोबाइल बरामद कर महिला को लौटाए

थाना कुठौंद पुलिस ने जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेहा पत्नी राजा सिंह के गुम हुए दो स्मार्टफोन बरामद कर उन्हें वापस सौंप दिया। आवेदिका द्वारा मोबाइल गुम होने की सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने सर्विलांस एवं तकनीकी सहायता की मदद से मोबाइलों की तलाश शुरू की। अथक प्रयासों के बाद एक लावा कंपनी का मोबाइल (अनुमानित कीमत 14 हजार रुपये) तथा एक रेडमी कंपनी का मोबाइल (अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये) बरामद कर लिए गए। कुल 26 हजार रुपये मूल्य के दोनों मोबाइल फोन आवेदिका को विधिवत सुपुर्द किए गए। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदिका ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत कुठौंद पुलिस ने गुमशुदा युवक को परिजनों से मिलाया

जनपद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत ग्राम चंदावली निवासी अखिलेश पुत्र शिवनारायण को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अखिलेश 5 जून को बिना बताए घर से चला गया था तथा उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था। काफी तलाश के बाद जब परिजनों को उसका पता नहीं चला तो यूपी-112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना कुठौंद पुलिस सक्रिय हुई और लगातार खोजबीन के बाद 24 घंटे के भीतर युवक को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह अपनी इच्छा से घर से बाहर गया था तथा उसके साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी। युवक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और कुठौंद पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# गुम हुए सोलह लाख के मोबाइल फोन बरामद कर फोन मालिकों को सौंपे

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए करीब 16 लाख रुपये कीमत के 77 मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया और अपर पुलिस अधीक्षक ने बरामद फोन स्वामियों को सौपें। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व समस्त थानों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, CEIR पोर्टल (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) का उपयोग करके तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 77 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख रुपये है।

रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन व अपना महत्वूर्ण डाटा वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए बाराबंकी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। बाराबंकी पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधे CEIR पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें, यह पोर्टल खोए हुए मोबाइल फोन को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है।

साथ ही मोबाइल स्वामियों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय व साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 व cybercrime .gov.in पर शिकायत दर्ज करने व यातायात जागरूकता/नियमों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया।

# भाकियू की मासिक बैठक संपन्न, हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर की बनी रणनीति



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह की उपस्थिति व ब्लॉक अध्यक्ष आदिल खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद रावत ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कुंवर बहादुर सिंह ने 9,10, 11 जून को हरिद्वार में होने वाले चिन्तन शिविर में ज्यादा से ज़्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। चिंतन शिविर हरिद्वार में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ता कल 8 जून को शाम 4बजे बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का काम करेंगे सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी वही से प्रस्थान करेंगे बैठक में फूल चन्द्र रावत, शिवशंकर, गूचन, काशीप्रसाद, तेज बहादुर, अरविन्द, लीलावती, कामता, फूलकली, राम समूज, छोटेलाल, आदि सैकड़ो किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक सभागार के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ संजीव जायसवाल के नेतृत्व में आईएमए व इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आशीष पांडे के नेतृत्व में के चिकित्सकों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर डॉ संजीव जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर हम सभी को एक एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। डॉ संजय रस्तोगी ने कहा कि यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की कृपा से बन रहे विशाल सभागार परिसर में पौधरोपण कर रहे हैं। यह सभागार जिले के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत किया और बताया कि इसी माह सभागार पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। राना जी की जयंती के अवसर पर 24 अगस्त को सभागार का लोकार्पण होगा।





इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, राकेश भदौरिया, अभिषेक विक्रम सिंह,महेंद्र अग्रवाल, डॉ संजय रस्तोगी, डॉक्टर मनीष चौहान, डॉ बृजेश सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर संजीव जायसवाल, इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ आशीष पांडे, सेक्रेटरी डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ जीके बरनवाल, डॉ गीता कुमार, डॉ नीतीश सिंह, डॉ रवि प्रताप सिंह, मंगलेश आदि उपस्थित रहे।

## बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, बेलहरा, बाराबंकी।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि कंडक्टर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक को जब तक बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गनेशपुर घाट से बालू लादकर सिधौली जा रहा एक ट्रक रविवार भोर करीब 3:00 बजे फतेहपुर- सूरतगंज मार्ग पर स्थित रायपुर गांव ने पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने को हादसे का कारण माना जा रहा है। बताया जाता है कि जोरदार धमाके की आवाज सुनकर



ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा कि बालू से लदा ट्रक सड़क से नीचे पलटा पड़ा है। ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। चालक स्टेयरिंग और सीट के बीच फंस गया था,जबकि कंडक्टर अल्ताफ किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा और मदद के लिए पुकारने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान शुरू किया गया। चालक को ट्रक के केबिन से निकालने में लगभग तीन घंटे लगे।

# कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**सूची सलोन समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय सनातन परंपरा के अनुसार किसी धार्मिक आयोजन विशेष कर श्री भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसके साथ शुरु होने वाली कथा आध्यात्मिक जागृति सुख शांति और जन कल्याण का प्रतीक माना जाता है।इसी क्रम में आदि प्राचीन सिद्ध पीठ मां कमासिन धाम दरसवां निकट सूची में श्रीदेवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया है।प्रयागराज की धरती से पधारे कथा व्यास प्रद्युम्ना नन्द जी महाराज के द्वारा पूजा पाठ कर कलश यात्रा प्रारंभ कराया।जिसमें सैकड़ों महिलाएं पीले



वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश के साथ यात्रा का परिभ्रमण किया गया।इस दौरान पारंपरिक परिधानों में भक्ति गीतों के साथ जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।विभिन्न मंदिरों का भ्रमण यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही।वहीं मंदिर समिति ने बताया 8 से 15 जून तक शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कथा की अमृत वर्षा होगी। इसके पश्चात 16 जून को पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

इस शुभ अवसर पर सैकड़ों महिलाएं और श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## खबरें एक नजर में

### कब्जे को प्रशासन ने हटवाया

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के जोतियामऊ में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा जबरन किए गए कब्जे को लेकर शनिवार को एसडीएम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कब्जा हटा दिया। डलमऊ तहसील क्षेत्र के जोतिया मऊ स्थित सड़क किनारे बेसकीमती जमीन पर दो दावेदारों के द्वारा अपने अपने बैनामा को लेकर दावेदारी के तहत शुक्रवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए संतोषी द्वारा पूर्व में लिए गए बैनामे एवं कब्जे के बाद दूसरे पक्ष ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से किए गए निर्माण कार्य को गिरा दिया बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों से शांति भंग की कार्रवाई करते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। लेकिन अगले ही दिन वह उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह क्षेत्राधिकार गिरजा शंकर त्रिपाठी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और एक दिन पहले किए गए कब्जे को हटा दिया। वहीं दूसरे ही दिन एसडीएम डलमऊ ने पुलिस बल के साथ किए गए कब्जे को हटा दिया दावा किया जा रहा है कि दोनों पक्ष इस जमीन के बैनामें की दावेदारी कर रहे हैं।

### डॉ. सुदेश कुमार दिल्ली के प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर

**क्षेत्र में खुशी की लहर, मिल रही बधाइयां**

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जनपद के थाना जैदपुर, ग्राम बीबीपुर के एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले प्रतिभावान युवा डॉ. सुदेश कुमार पुत्र रामकुमार वर्मा का चयन नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। अपनी जड़ों से जुड़े रहकर और विपरीत परिस्थितियों के बीच अथक परिश्रम के बल पर डॉ. सुदेश ने देश के शीर्ष अकादमिक पटल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता की खबर मिलते ही पूरे गांव, शुभचिंतकों और बाराबंकी जनपद में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



एक सामान्य कृषक परिवार में जन्मे डॉ. सुदेश के पिता गांव में रहकर पारंपरिक खेती-किसानी करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद डॉ. सुदेश की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर से पूरी हुई, जहाँ से उन्होंने कड़े अनुशासन और संस्कारों को आत्मसात किया। इसके बाद उच्च शिक्षा के प्रति अपनी अटूट लगन के कारण उन्होंने देश के प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय का रुख किया। वहां से उन्होंने हिंदी में एम.ए. करने के उपरांत भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा विज्ञान जैसे आधुनिक और तकनीकी विषय में अपनी उच्च शोध उपाधियाँ (एम.फिल व पी-एच.डी.) पूर्ण कीं। उनकी यह शैक्षणिक यात्रा दर्शाती है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो कोई भी बाधा लक्ष्य के आड़े नहीं आ सकती। उल्लेखनीय है कि डॉ. सुदेश कुमार अपनी उत्कृष्ट विद्वता के लिए लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने से पूर्व, अभी हाल ही में उन्हें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा कला और संस्कृति के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शोध के लिए देश की सर्वोच्च अध्येतावृत्ति 'टैगोर नेशनल फैलोशिप' (Tagore National Fellowship for Cultural Research) से भी नवाजा गया था।

## 'दुख की इस घड़ी में मैं आपके साथ हूं': फोन पर बोलीं स्मृति ईरानी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जामो क्षेत्र के पूरे परमेश्वरी, घाटमपुर गांव में दीवार गिरने से मां और बेटी की दर्दनाक मौत तथा एक बालक के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वह परिवार के साथ हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्मृति ईरानी ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को गांव भेजकर पीड़ित परिवार का हालचाल लेने और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। बाद में वह पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां दोनों नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इसी दौरान स्मृति ईरानी ने फोन पर परिजनों से बातचीत की और कहा, 'दुख की इस घड़ी में मैं आपके साथ हूं।'

# लोदी नाला पुल से 20 फिट गहरे नाले में पलटी अनियंत्रित कार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्यालय गौरीगंज कस्बा क्षेत्र में लोदी बाबा धाम के पास लोदी नाला में नाला पुल से एक टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार अचानक संतुलन खोकर करीब 20 फीट नीचे नाले में जा गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही गौरीगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में पता चला कि कार में गांधी नगर, बनी स्टेशन, गौरीगंज थाना क्षेत्र निवासी अंकित मौर्या व करन मौर्या सवार थे।



गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई और दोनों युवक सुरक्षित हैं। वहीं अब इस हादसे ने एक बार फिर नाले की जर्जर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि लोदी नाले पर नाममात्र की रेलिंग लगी है। सिर्फ स्क्वायर पाइप जोड़कर खानापूर्ति की गई है, जो किसी वाहन का दबाव नहीं झेल सकती। लोगों ने बताया कि इस जगह पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल मजबूत रेलिंग लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## भाजपा की नीतियों से परेशान है किसान, नौजवानः विधायक गौरव रावत

**मसौली बाराबंकी।** भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश का किसान परेशान है। किसान को खाद समय से उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल है। आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उक्त विचार रविवार को ज्योरी रोड स्थित सपा नेता पप्पू वर्मा के प्रतिष्ठान पर विधानसभा जैदपुर के ब्लाक मसौली के सेक्टर रजईपुर, सादामऊ, नैनामऊ व सददीपुर के सेक्टर व बूथ अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए सपा विधायक गौरव कुमार रावत ने कही उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है किसान पहले तो खाद के लिए परेशान होता है फिर उसकी तैयार फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता है।

## जर्जर संपर्क मार्ग की मरम्मत में ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों के अंतर्गत न्याय पंचायत सरमें में एक अनोखा मामला देखने को मिला है। जहां लंबे समय से जर्जर कच्चे संपर्क मार्ग को ग्रामीणों ने श्रमदान कर आवागमन योग्य बना दिया है। बताते चलें कि जामों भादर मार्ग के पटखा चौराहा से मऊ मुख्य मार्ग से, ग्राम सरमें संपर्क मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 300 मीटर है यह संपर्क मार्ग बीते दिनों से जर्जर हो चुका था जिससे आवागमन में काफी कठिनाई हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त संपर्क मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों का आना जाना है। रविवार को सरमें ग्रामवासियों ने भाजपा के जामों ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पासी की अध्यक्षता व भगौती सिंह के नेतृत्व में



गांव के दर्जनों लोगों ने श्रमदान करते हुए मार्ग को आने-जाने लायक बना दिया।

श्रमदान करने वाले ग्रामीणों में शोभनाथ मौर्य, दीपक पासी, संतराम मौर्य, पारस नाथ मौर्य, नंदलाल मौर्य, अरविन्द मौर्य, दिनेश मौर्य, राधेकृष्ण मौर्य, प्रशांत मौर्य, प्रेम शंकर मौर्य, अर्जुन मौर्य, श्यामसुंदर गुप्ता आदि शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत स्थित टोल प्लाजा गौरीगंज पर, प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए ट्रक चालकों, भारी वाणिज्यिक वाहनों, प्राइवेट स्लीपर बसों, ईको कैब वैन तथा अन्य वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई। चेकिंग के समय ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गयी। अभियान के



दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का डीएम ने किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने तहसील तिलोई अंतर्गत ग्राम पंचायत कूरा में निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तथा समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत उत्सव भवन ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, बैठकों, प्रशिक्षण शिविरों, जनजागरूकता अभियानों तथा सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सामुदायिक गतिविधियों के संचालन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन ने पीछा कर पकड़ी अवैध खनन में लिप्त जेसीबी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अवैध खनन की सूचना पर गौरीगंज नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी की सख्त कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार द्वारा कार्रवाई के दौरान करीब 3 किलोमीटर तक पीछा कर एक जेसीबी मशीन को पकड़ लिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में खौफ का माहौल है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम आवास योजना की दूसरी किस्त में गड़बड़ी का आरोप, तत्कालीन बीडीओ समेत छह पर केस

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त की धनराशि में कथित गड़बड़ी के मामले में न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ), ग्राम प्रधान सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरहा मजरा छेंदवल निवासी सुनीता पत्नी रामलखन ने न्यायालय में दायर परिवाद में आरोप लगाया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपये मिले थे।

## वायरल वीडियो की जांच में नहीं मिली कोई अनियमितता, किसानों ने खुद उठाई थी यूरिया की बोरी

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** विकास खंड ऐलिया क्षेत्र की बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति लिमिटेड इमलिया सुल्तानपुर से जुड़े एक वायरल वीडियो को लेकर प्रशासन ने जांच कराई, जिसमें ट्रैक्टर पर यूरिया खाद लादे जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्टॉक, वितरण रजिस्टर, किसानों के बयान तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर जांच की। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि दिनांक 04 जून 2026 को समिति से यूरिया उर्वरक का कोई वितरण नहीं किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत डोलेईकलां के लगभग 25 किसानों ने 03 जून 2026 को किसान रजिस्ट्रेशन एवं किसान बुक के आधार पर कुल 85 बोरी यूरिया प्राप्त की थी। वितरण केंद्र से गांव की दूरी लगभग 5 किलोमीटर होने तथा पर्याप्त वाहन उपलब्ध न होने के कारण किसान उसी दिन खाद को अपने गांव नहीं ले जा सके थे। अगले दिन 04 जून 2026 की सुबह किसानों ने ग्राम प्रधान छोटे सिंह का ट्रैक्टर मंगवाया और अपनी-अपनी खरीदी हुई यूरिया की बोरियां ट्रैक्टर पर लादकर गांव ले गए। इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे खाद की कालाबाजारी और अनियमितता की आशंका जताई जाने लगी। प्रशासनिक जांच के दौरान किसानों के लिखित बयान भी दर्ज किए गए। किसानों ने बताया कि उन्होंने नियमों के तहत खाद खरीदी थी और ट्रैक्टर से केवल परिवहन कराया गया था। जांच टीम ने स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर का मिलान पॉश मशीन और भौतिक सत्यापन से किया। सत्यापन के दौरान डीएपी और एनपीके सहित विभिन्न उर्वरकों का स्टॉक रिकॉर्ड के अनुरूप पाया गया। इसके अलावा वितरण रजिस्टर में दर्ज मोबाइल नंबरों के आधार पर किसानों से संपर्क कर खाद वितरण की पुष्टि की गई। जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, फर्जी वितरण या कालाबाजारी के प्रमाण नहीं मिले। अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वास्तविक किसानों को ही उर्वरक वितरित किया गया था और समिति का स्टॉक तथा अभिलेख सही पाए गए। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद वायरल वीडियो से जुड़े आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सहकारी समिति में खाद वितरण निर्धारित नियमों के अनुसार किया गया और जांच में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं मिली।

# कोटेदारों ने समस्याओं के समाधान को लेकर विधायक अर्चना पांडे को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज (कन्नौज)।**

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराधा गुप्ता के नेतृत्व में कोटेदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री एवं वर्तमान छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे से मुलाकात कर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा।संगठन ने प्रति कुंतल 200 रुपये कमीशन दिए जाने की मांग उठाई। इसके अलावा सभी कोटेदारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने, कोटेदारों के दुर्घटना बीमा की व्यवस्था करने, बकाया कमीशन का शीघ्र भुगतान कराने तथा वर्ष 2025-26 के कमीशन भुगतान की प्रक्रिया तेज करने की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कोटेदारों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं एवं मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। विधायक अर्चना पांडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वह उक्त ज्ञापन को जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेंगी और समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, ममता गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, शालिनी गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, कांति देवी, श्रीकृष्णा, सुमन देवी, रामकुमार शर्मा, नीरज कुमारी, राजीव कुमार, अनिल कुमार, दिलदार हुसैन, अनुराग त्रिपाठी, रीमा शुक्ला, शारदा देवी, सुनील चौरसिया, दयानंद, वीरेंद्र पाल, निर्मल चतुर्वेदी, शुगर लाल पाल, ज्ञान प्रसाद, प्रमोद कुमार, देवराज राठौर सहित बड़ी संख्या में कोटेदार उपस्थित रहे।



प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराधा गुप्ता ने विधायक अर्चना पांडे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सकारात्मक आश्वासन से कोटेदारों में उम्मीद जगी है।

उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगी।

# तिलखोर नदी का अस्तित्व खत्म कर रहे भू-माफिया

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने कहा जहां प्रदेश सरकार नदियों और तालाबों का अस्तित्व बचाने की का दावा कर रही है वहीं यहां पर भूमाफिया तिलखोर नदी का अस्तित्व खत्म करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा पिछले वर्ष तिलखोर नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जब हंगामा मचा तब तहसील प्रशासन ने पैमाइश करवरकर खानापूरी कर दी। इसके बाद एक बार फिर से मामला ठंडा रास्ते में चला गया। इस नदी का रास्ता खुल जाने से मोहल्ला सराफान, दीक्षितान और बनवारी नगर के निवासियों को हमेशा के लिए जल भराव से छुटकारा मिल जाता। अतिक्रमण के कारण तिलखोर नदी कई जगह नाले में तब्दील हो चुकी है। पिछले वर्ष पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने तिलखोर नाले की सफाई कराई थी, लेकिन मुख्य मार्ग की सकरी पुलिया के कारण पानी का बहाव उल्टा हो गया था।इस पुलिया को चौड़ा कर तिलखोर नदी का पानी काली नदी तक पहुंचाया जाए। साथ ही, गूदड़गड़ा तालाब से पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा तहसील में दक्षिण की ओर 25 फुट चौड़ी सीसी रोड 2015 से स्वीकृत है, लेकिन आम के पेड़ के विवाद के कारण निर्माण रुका हुआ है। इस सड़क के बनने से वाहनों का आवागमन आसान होगा और जाम की समस्या कम होगी। इसके अलावा तहसील की पूर्वी दीवार से सटे पुराने चक रोड को अतिक्रमण मुक्त कर खुलवाया जाए।



उन्होंने शहर में गायब होते जा रहे तालाबों का मुद्दा उठाते हुए कहा भूमाफियाओं की कारगुजारी से अधिकांश तालाब चकबंदी विभाग की सांठ गांठ से कागजातों में हेराफेरी कर समाप्त कर दिए गए। अब तालाबों की जगह प्लाटों की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। भाजपा सरकार इन भूमाफियाओं को खुला संरक्षण दे रही है। इसके कारण इस क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

## पेयजल लाइन फटने से हुआ गहरा गड्ढा

### ट्रांसफार्मर पर वाहन गिरने का खतरा

**छिबरामऊ, (कन्नौज।** नगर के विशुनगढ़ तिराहे के पास नगर पालिका की पेयजल आपूर्ति लाइन फटने से क्षेत्र में पानी भर गया है और सड़क पर गहरा गड्ढा बन गया है। इस गड्ढे में वाहन पलटने की आशंका बनी हुई है। विशेष रूप से तिराहे के मोड़ पर लगा विद्युत विभाग का 600 केवीए ट्रांसफार्मर खतरे में है। पाइपलाइन फटने से डामर रोड पूरी तरह कट गई है, जिससे कोई भी अनियंत्रित वाहन सीधे ट्रांसफार्मर पर गिर सकता है। आसपास के दुकानदारों ने इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे से तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराने और गड्ढे को भरवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े हादसे की आशंका है।

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण आवश्यक

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण करते हुए वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य 'हरि' ने कहा कि भीषण गर्मी, तपिस से बचने एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा अगर पेड़ नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। प्रकृति की नाराजगी तथा पर्यावरण असंतुलन तो हम पहले से ही झेल रहे हैं। समय रहते अगर हमारा ध्यान इस तरफ नहीं गया तो हम अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मारने का काम करेंगे। उन्होंने ग्राम बहवलपुर में अनुज शाक्य की जमीन पर जामुन, आँवला, आम, अशोक, अमरूद एवं कटहल आदि के 19 पेड़ लगाए एवं उनकी अच्छे से देख- रेख करने का संकल्प भी लिया। साहित्य और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित हरिगोविंद शाक्य 'हरि' सन् 1977 से 20 से अधिक बगीचे और हजारों की संख्या में पेड़ लगा चुके हैं एवं एक दर्जन से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। उनका यह काम अनवरत अभी भी चल रहा है। उन्होंने कविताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी बताया। इस अवसर पर रूपा देवी, सुमित शाक्य, प्रांशु, निधि, गौतम आदि कई लोग उपस्थित रहे।



## अंकित बने संघ के कानपुर जिला प्रचारक

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कन्नौज जिले में सफलतापूर्वक चार वर्ष पूरे करने के बाद अंकित जी को कानपुर जिले का नया जिला प्रचारक नियुक्त किया है। प्रांत प्रचारक श्री राम जी ने सभी जिला प्रचारकों की बैठक में इस घोषणा की और अंकित को कानपुर जिले का दायित्व सौंपा। कन्नौज में अपने कार्यकाल के दौरान अंकित जी ने संघ की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।



राम मंदिर कलश यात्रा, अक्षत पत्र वितरण, लोकसभा चुनाव के दौरान 'मतदाता निकालो' अभियान तथा हर गांव तक साइकिल यात्रा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने जिले के खंडों और गांवों को संघ से जोड़ा। संघ के शताब्दी वर्ष में 'घर-घर संपर्क' अभियान को सफल बनाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही। इसके अलावा उन्होंने प्रमुख जन गोष्ठियों और सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित कर संघ की जड़ों को मजबूत किया। औरैया जिले के रमपुरा बरौना कलान गांव के निवासी अंकित बाल्यकाल से ही कानपुर में स्वयंसेवक रहे। बीटेक की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने पूर्णकालिक प्रचारक बनकर समाज सेवा का मार्ग चुना। उनके पिता गोविंद सिंह ने गर्व के साथ बताया कि अंकित बचपन से ही सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं। इस नियुक्ति से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। संगठन की ओर से अंकित को दी गई यह बड़ी जिम्मेदारी कानपुर जिले में संघ को और सशक्त बनाने के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की दिशा भी स्पष्ट करती है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**


सकरावा कस्बे के रामजानकी मंदिर बालाजी धाम में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा रामजानकी मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों और विभिन्न धार्मिक स्थलों से होती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। 201 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के आयोजक महन्त श्री श्री1008 गोपाल दास जी ने कलश यात्रा के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन (किसान) के प्रदेश महासचिव आदेश दुबे को माला व पटका पहनाकर सम्मानित किया। कथा में परीक्षित बनें नवीन चंद्र दुबे एवं उनकी पत्नी कुसुम दुबे ने श्रद्धाभाव के साथ सिर पर रामचरितमानस की पोथी रखकर यात्रा का नेतृत्व किया। रास्ते में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। भीषण गर्मी को देखते हुए समाजसेवियों ने शर्बत, लस्सी, पानी का वितरण किया। यात्रा में थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसबल मौजूद रहा। कथा व्यास आचार्य आदित्य मनोहर पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रीमद भागवत का शुभारंभ किया। इस मौके पर सतीश शर्मा, बीनू गुप्ता, मिंटू मिश्रा, अम्बुज मिश्रा, रिशू दुबे, आनंद गुप्ता, विपिन शुक्ला, दीपक मिश्रा, कन्हैया शुक्ला सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### सर्विस रोड पर टहल रहे 10 वर्षीय बालक को कार ने मारी टक्कर, मौत

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर गांव में हुए सड़क हादसे में 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम प्रेमपुर निवासी हंसराम का 10 वर्षीय पुत्र सोनू राजपूत डालूपुर मोड़ स्थित सर्विस रोड पर टहल रहा था। इसी दौरान वेबर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इससे सोनू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल बालक को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात कार और उसके चालक की तलाश में जुटी है। मृतक के पिता हंसराम गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में मृतक का एक भाई दीपक तथा दो बहनें ज्योति और सोनी है।



### शंकराचार्य का अपमान हर हिंदू का अपमान : विजय द्विवेदी

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के कन्नौज प्रवास को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रशासन से अनुमति न मिलने पर पाल चौराहा मैदान में रात्रि विश्राम करने के मामले में समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर निशाना साधा है। सपा प्रवक्ता ने पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि शंकराचार्य का अपमान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज का अपमान है। उन्होंने भाजपा नेताओं से पहले यह स्पष्ट करने की मांग की कि वे शंकराचार्य को असली मानते हैं या नकली। सपा प्रवक्ता ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान वाराणसी में शंकराचार्य पर लाठीचार्ज की घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा संतों और धार्मिक गुरुओं का सम्मान करती रही है। प्रवक्ता ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी धर्मों और संत-महात्माओं का समान सम्मान करती है तथा किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व के अपमान को स्वीकार नहीं करती। उन्होंने भाजपा पर संतों के सम्मान के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप भी लगाया। शंकराचार्य प्रकरण को लेकर जिले की राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं और विभिन्न दलों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।



## कलयुग में भागवत कथा का श्रवण ही जीवन का सच्चा मार्ग : पं. प्रेमसागर पाण्डेय

**कन्नौज।** नगर के चकोर रोड़ स्थित महारानी गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन दिखाई दिए। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तों के प्रति उनके प्रेम एवं धर्म के महत्व का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में श्रीमद भागवत कथा का श्रवण एवं भगवान का स्मरण ही मनुष्य जीवन को सुख, शांति और मोक्ष की ओर ले जाने वाला सबसे सरल मार्ग है। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से पंडाल गूंजता रहा।

# भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार गुप्ता ने बैठक में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज (कन्नौज)।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संजीव कुमार गुप्ता ने छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के तेराजाकेट मंडल में आयोजित मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में जिला मंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## भारतीय किसान यूनियन (भानु) में संगठन विस्तार

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) कार्यालय पर संगठन विस्तार एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलराम सिंह को छिबरामऊ तहसील सचिव तथा रोहित दीक्षित (हरिहरपुर वाले बाबा जी) को तहसील उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने किसान हितों की रक्षा और संगठन की नीतियों को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव एवं कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करने तथा गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में 13, 14 और 15 जून को हरिद्वार के वीआईपी घाट पर आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर की जानकारी भी दी गई। पदाधिकारियों ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि शिविर में किसानों के मुद्दों, संगठन विस्तार और आगामी आंदोलनों की रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी।



# जन्मदिन पर मिले अपार स्नेह के लिए पूर्व विधायक ने जताया आभार



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज (कन्नौज)।**

नगर के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं देने वाले समर्थकों, कार्यकर्ताओं, मित्रों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर मिले प्रेम, स्नेह, सम्मान और दुआओं ने उन्हें भावुक कर दिया है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित समाजवादी पार्टी के मुख्य कार्यालय पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि जनता, समर्थकों और समाजवादी साथियों का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों का प्यार और विश्वास उन्हें जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने, फोन करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने और जनता की आवाज को बुलंद करने के अपने संकल्प को दोहराया। पूर्व विधायक

ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि भविष्य में भी वे जनता के हितों के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने अंत में सभी समर्थकों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों को एक बार फिर दिल से धन्यवाद दिया।सभी का प्यार, विश्वास और सहयोग ही मेरी असली ताकत है।

# ओम ट्रेडर्स का सपा नेताओं व फिल्म डायरेक्टर ने किया शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

विशुनगढ़ कस्बे में थाना के समीप स्थित ओम ट्रेडर्स का शुभारंभ सपा नेता रामप्रकाश यादव, एडवोकेट अजय यादव तथा फिल्म मिशन कनाडा के डायरेक्टर विजय सक्सेना ने अपनी टीम के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान संचालक ने सभी अतिथियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों ने ओम ट्रेडर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नए व्यापारिक प्रतिष्ठान के खुलने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलते हैं तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर आलोक यादव, गोविंद यादव, रविंद्र, अख्तर हुसैन, पंकज राजपूत, अवनीश राजपूत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नए सीएमओ ने निरीक्षण कर परखीं मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले की व्यवस्थाएं

**कन्नौज।** जिले के 32 ग्रामीण एवं चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 1611 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और परामर्श की सुविधा दी गई। इनमें 738 पुरुष, 654 महिलाएं और 219 बच्चे शामिल रहे। मेले के दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस-बी और सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग तथा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 35 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए।

# सड़क पर सूख रही मक्का-मूंगफली से हादसे, कई लोग घायल, प्रशासन बना मूकदर्शक

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज/समधन।**

क्षेत्र की सड़कों पर किसानों एवं व्यापारियों द्वारा मक्का और मूंगफली सुखाने का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैलाई गई फसलें दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं और अब तक कई लोग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई प्रभावी कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है। क्षेत्र की प्रमुख सड़कों एवं संपर्क मार्गों पर जगह-जगह मक्का और मूंगफली सुखाने के लिए पूरी सड़क घेर ली जाती है। फसलों के दाने सड़क पर बिखर जाने से दोपहिया वाहनों के पहिए फिसल जाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बाइक सवार और साइकिल चालक अचानक संतुलन खोकर गिर चुके हैं, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें भी आई हैं। राहगीरों का आरोप है कि सड़क पर फसल सुखाने से यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर वाहन चालकों को एक ही लेन से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। खासकर रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर फैली फसल दूर से दिखाई नहीं देती। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि सार्वजनिक सड़कों पर फसल सुखाने पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस से मांग की है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण एवं इस प्रकार की गतिविधियों से मुक्त कराया जाए, ताकि आम जनता सुरक्षित आवागमन कर सके। फिलहाल प्रशासन की चुप्पी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।



# समाजसेवी डॉ. रजनी सरीन के निधन पर शोक की लहर

## प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया सहित भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय परिषद की सदस्य एवं शहर की प्रमुख समाजसेवी डॉ. रजनी सरीन के निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन को जनपद की अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज के प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने डॉ रजनी सरीन के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. रजनी सरीन लंबे समय से भाजपा संगठन के साथ जुड़ी रहीं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती थीं। उन्होंने समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके सरल व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण वे लोगों के बीच विशेष पहचान रखती थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों तथा गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक संदेश में कहा गया कि डॉ. रजनी सरीन का जाना न केवल भाजपा परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों और उनके असंख्य शुभचिंतकों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर रजनी सरीन ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही योगदान दिया है विद्यालय के कार्यक्रम में हमेशा प्रतिभा करके छात्राओं के हित में काम किया है उसको कभी बुलाया नहीं जा सकता।



# सपा की मासिक बैठक में संगठन मजबूती पर दिया गया बल

▸ हटाये जायेंगे निष्क्रिय पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला संगठन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी मजबूती के साथ क्षेत्र में लग जाएं। बूथ संगठन, सेक्टर संगठन इनकी ठीक से स्कैनिंग करें जो लोग निष्क्रिय हैं उन्हें हटाकर सक्रिय लोगों को मनोनीत करें, संगठन जितना मजबूत होगा, सरकार बनाने का रास्ता उतना ही सरल होगा, क्योंकि संगठन की सक्रियता ही सरकार बनाने का रास्ता तय करती है। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों से कहा कि सिर्फ हम ही अध्यक्ष नहीं हैं आप सब अध्यक्ष हैं। आप सब अध्यक्ष बनकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में मदद करो, जिलाध्यक्ष ने फेसबुक पर कुछ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा एक दूसरे के ऊपर टीका-टिप्पणी करने वालों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। पार्टी के ऊपर या पार्टी के पदाधिकारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ऐसा करने वाले भाजपा द्वारा वित्त पोषित लोग माने जाएंगे और उनके खिलाफ अनुशासन समिति कार्यवाही करेगी और उनका नाम उनके आका के नाम के साथ प्रदेश कार्यालय को भेजा जाएगा। बूथ स्तर पर संगठन को दुरस्त रखना, वोटर लिस्ट की स्कैनिंग, पदाधिकारियों को बूथ आवंटित करने आदि विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, वरिष्ठ नेता डॉ0 जेपी वर्मा, हरीश कुमार यादव, अजीत यादव, पुष्पेंद्र यादव, राधेश्याम सविता, राकेश दिवाकर राका, अरविंद यादव ने विचार व्यक्त किए। पदाधिकारियों ने जयद्रथ यादव, मतीन खां एवं अरविंद कश्यप की माताजी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर डॉ0 नवरंग सिंह यादव, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, अरविंद यादव, पवन कठेरिया, बिजेंद्र सिंह यादव, शिवशंकर शर्मा, रुकमंगल सिंह यादव, ईश्वर दयाल, रामपाल सिंह यादव, बिल्लू श्रीवास्तव, अजय यादव, राजपाल यादव, केके यादव, संतोष दिवाकर, अनुराग यादव, शिवम पटेल, अंशुल यादव, भुवनेश कुमार, शीलू खां, आकाश यादव, सुमित यादव आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में सिपाही सहित दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में सिपाही सहित दो लोग घायल हो गये। जिन्हे आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार डायल 112 पीआरडी पर तैनात सिपाही सुरेन्द्र कुमार बाइक द्वारा कायमगंज की ओर आ रहे थे। इसी दौरान गनाई मोहल्ला रायपुर खास थाना कायमगंज निवासी देवेन्द्र कुमार सड़क पार कर रहा था, तभी अचानक बाइकों की भिड़न्त हो गई। जिससे देवेन्द्र का पैर टूट गया। वहीं सिपाही सुरेन्द्र घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



अस्पताल में भर्ती घायल

## मां मनोकामना देवी मंदिर के सामने लगा कूड़े का अंबार



मंदिर के पास ग्राउंड में घूम रहे आवारा पशु

▸ स्थानीय लोगों ने साफ-सफाई कराये जाने की लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ के राजकीय तिर्वा कॉलोनी सिद्ध पीठ मां मनोकामना देवी मंदिर के सामने लगा कूड़े का ढेर लगे हुए है। मंदिर के ठीक सामने ग्राउंड में गंदगी का अंबार लगा है, जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी ग्राउंड में मोहल्ले के बच्चे खेलते हैं। कूड़े के ढेर पर अक्सर आवारा मवेशी लड़ते रहते हैं, जिससे राहगीरों और बच्चों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। कूड़े और उगी झाड़ियों के कारण ग्राउंड में सांप, बिच्छू व अन्य जहरीले कीड़े-मकोड़े भी निकलते रहते हैं। मंदिर आने-जाने वाले भक्तों और आसपास के निवासियों में हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है। भक्तों ने बताया कि धार्मिक स्थल के सामने इस तरह की गंदगी आस्था का अपमान है। कई बार नगर पालिका को शिकायत देने के बाद भी सफाई नहीं कराई गई। बरसात के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाएगी। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध के कारण मंदिर परिसर में खड़ा होना भी मुश्किल है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका तुरंत कूड़ा हटवाकर ग्राउंड की सफाई कराए और झाड़ियों को कटवाए। साथ ही आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जाए, ताकि कोई बड़ी दुर्घटना होने से पहले ही रोकी जा सके।

## पीएचसी पर लगा आरोग्य मेला, 112 मरीजों को मिला परामर्श व उपचार

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सीएचसी सिरौलीगौसपुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। बदोसराय, सैदनपुर और महमूदाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे इन मेलों में कुल 112 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदोसराय में 45 मरीजों का उपचार किया गया। यहां डॉ. संतोष शुक्ला, एएनएम ज्योति यादव और फार्मासिस्ट त्रिभुवन सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। सैदनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मेले में 38 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस भीषण गर्मी में भी पुलिस शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में छात्राओं व महिलाओं को जागरुक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।



मेरापुर में महिलाओं व बच्चों को जागरूक करती पुलिस

थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जमीन विवाद में चली लाठियां, महिलाओं सहित 8 घायल

**फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कई को दबोचा**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर त्योरी में रविवार सुबह जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चल गए। जिसमें महिलाओं समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर फायरिंग होने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और कई लोगों को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार उम्मरपुर त्योरी निवासी सुनील कुमार दिवाकर का गांव के ही एक युवक के साथ जमीन पर कब्जे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। रविवार सुबह करीब छह बजे सुनील कुमार जब अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान के ठीक सामने गिट्टी और ईंटें पड़ी हुई हैं। सुनील ने जब दूसरे पक्ष के युवक से दुकान के सामने से ईंट-गिट्टी हटाने को कहा, तो युवक ने वह जमीन अपनी होने का दावा करते हुए ईंटें हटाने से साफ इनकार कर दिया।

**गाली-गलौज के बाद चलीं लाठियां**

बात बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे निकल आए और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। मारपीट की इस घटना से मौके पर चीख-पुकार मच गई। इसी बीच ग्रामीणों में चर्चा फैल गई कि विवाद के दौरान फायरिंग भी की गई है।

**फायरिंग की सूचना पर मची भगदड़**

फायरिंग की सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस तुरंत हरकत में आई और भारी बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर हंगामा कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके से कई उपद्रवियों को हिरासत में ले लिया और उन्हें थाने ले आई।

**एक ही पक्ष के 8 लोग घायल, सीएचसी रेफर**

इस खूनी संघर्ष में सुनील कुमार दिवाकर 35 वर्ष उनकी मां गिरजा देवी पत्नी पेशकार, अनिल कुमार, रतिराम, अंकित कुमार, शिवानी, राधा और विमला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उनका मेडिकल परीक्षण और उपचार किया जा रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में नजर रखी जा रही है।


### चोरों ने घर में घुसकर उड़ाये सोने-चांदी के आभूषण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण व नगदी पार कर दी। सुबह जब पीड़िता सोकर उठी तो उसने देखा का अलमारी का ताला टूटा पड़ा है। जिसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बीरपुर नादी निवासी अंजली पत्नी बिपिन कुमार शनिवार रात बच्चों के साथ घर के बरामदे में सो रही थी।

## मेड़ विवाद में चली गोली, महिला को लगी, हालत गंभीर

▸ पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर लगाए लापरवाही और धमकाने के आरोप

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**



खेत की मेड़ के विवाद ने शनिवार रात खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

क्षेत्र के गांव आजमनगर (भौरुआ) निवासी करन यादव का अपने चाचा महावीर उर्फ मल्लू यादव से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार शाम दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद मामला हिंसक संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान हुई फायरिंग में अनीता देवी (60) के पीठ में गोली लग गई। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजन उन्हें आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। घायल महिला के पुत्र करन सिंह का आरोप है कि पिछले दो दिनों से दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बनी हुई थी और इसकी सूचना लगातार पुलिस को दी जा रही थी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कंपिल थाने में तैनात दरोगा दिनेश यादव ने शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। करन सिंह ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष से मिलीभगत के चलते पुलिस मामले को दबाती रही। उनका कहना है कि शुक्रवार सुबह जब उनकी पत्नी शिकायत लेकर थाने पहुंची तो दरोगा ने उल्टा उन्हें धमकाते हुए कहा कि बार-बार 112 और थाना पुलिस को कॉल कर परेशान करने पर उनके पति को जेल भेज दिया जाएगा। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर देती तो गोली चलने जैसी घटना टाली जा सकती थी। घटना के बाद आरोपित पक्ष गांव छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर देर रात अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि महिला को गोली लगने के मामले की जांच कराई जा रही है।

## कंपिल थाना सवालों के घेरे में

▸ शिकायतें टलीं, पीड़ित भटके, फिर कहीं चली गोली तो कहीं खाया गया जहर

▸ लगातार सामने आ रही घटनाओं से पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठने लगे गंभीर सवाल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना कंपिल की कार्यप्रणाली इन दिनों क्षेत्र में चर्चा और सवालों के केंद्र में है। पिछले कुछ समय में सामने आई कई घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर पीड़ितों की शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। कहीं जमीन विवाद में गोली चल रही है, कहीं दुष्कर्म पीड़िता न्याय न मिलने पर जहर खा रही है, तो कहीं थाने से निराश युवक आत्मघाती कदम उठा रहा है। इन घटनाओं के बाद अब क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं।

ताजा मामला गांव आजमनगर भौरुआ का है। यहां खेत की मेड़ के विवाद में शनिवार रात दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। फायरिंग में अनीता देवी को गोली लग गई और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दो दिन से पुलिस को विवाद की जानकारी दी जा रही थी, लेकिन किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। आरोप यहां तक लगे कि शिकायत लेकर थाने पहुंची महिला को कार्रवाई का भरोसा देने के बजाय उल्टा धमका दिया गया। इस घटना से पहले कमरुद्दीन नगर में जमीन विवाद से परेशान युवक प्रवेश कुमार ने थाने परिसर में ही जहर खा लिया था। आरोप था कि पिता और बहन के साथ मारपीट के बाद जब परिवार शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो कार्रवाई करने के बजाय उन्हें डांटकर भगा दिया गया। इसके बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। क्षेत्र की एक दुष्कर्म पीड़िता किशोरी का मामला भी खूब चर्चा में रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। बाद में उसने जहर खा लिया। घटना का वीडियो वायरल होने और मामला सुर्खियों में आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। नारायणपुर गांव में छेड़छाड़ के बाद हुई आगजनी की घटना में भी पुलिस की भूमिका सवालों में रही। आरोप लगे कि पुलिस की मौजूदगी में झोपड़ी में आग लगा दी गई, लेकिन घटना को मामूली बताकर दबाने का प्रयास हुआ। अगले दिन जब खबरें प्रमुखता से प्रकाशित हुईं, तब जाकर कार्रवाई आगे बढ़ी। इसी तरह बरखेड़ा नहर के पास भाजपा नेता के भाई की गाड़ी पर हुई फायरिंग में भी पुलिस पर देरी से कार्रवाई करने के आरोप लगे। मामला चर्चा में आने के बाद मुकदमा दर्ज हुआ। आजतक पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना कंपिल में कई मामलों में पहले समझौता और रफा-दफा का प्रयास होता है। आरोप हैं कि तहरीर लेकर कार्रवाई टाल दी जाती है और जब मामला बढ़ जाता है अथवा उच्चाधिकारियों या मीडिया की जानकारी में आता है, तब पुलिस सक्रिय होती है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते विवादों पर सख्ती दिखाई जाए तो कई घटनाएं टाली जा सकती हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद क्षेत्र में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर थाना कंपिल में शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही।

## संजीव गुप्ता बने मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुख्य बाजार स्थित विमल मेडिकल स्टोर पर रविवार मेडिकल एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल एसोसिएशन के कायमगंज नगर अध्यक्ष विनय रस्तोगी, नगर महामंत्री विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज सक्सेना ने नगर नवाबगंज की इकाई का गठन कराया। जिसमें सर्वसम्मति से संजीव गुप्ता लंबिक को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उसके साथ ही विपिन शाक्य और दौलतराम राजपूत को महामंत्री, रमेश कौशल को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र यादव को मंत्री, धीरज भारद्वाज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आलोक शाक्य को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मेडिकल एसोसिएशन को मजबूत बनाने व मेडिकल संचालकों की समस्याओं व उनके निराकरण की चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के दिशानिर्देशों का पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर धर्मेंद्र गुप्ता, अमित सिंह, अखिलेश शाक्य, अखिलेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



संजीव गुप्ता का स्वागत करते पदाधिकारी

## जल निकासी न होने से ग्रामीणों की बढ़ेगी समस्या

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर तहसील के ग्राम अकोहरा मजरे उदवत नगर के ग्रामीण गंभीर जलभराव की समस्या का सामना कर रहे हैं। गांव में उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी जमा रहता है, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने नाली निर्माण की मांग को लेकर पूर्व में भी खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) दरियाबाद से कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें की थीं। हालांकि, इन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे समस्या बनी रही।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को तंमचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना शमशाबाद पुलिस अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का हुआ अनावरण, उमड़ा जनसैलाब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में सांस्कृतिक धरोहर और नारी शक्ति की प्रतीक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का अनावरण सेन्ट्रल जेल चौराहा स्थित हुआ। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे पूरा परिसर जय अहिल्या, जय होल्कर के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने प्रतिमा अनावरण के बाद सातनपुर मंडी में आयोजित महाकुंभी रैली को संबोधित किया। सातनपुर मंडी में आयोजित महाकुंभ रैली में आयोजक कुलदीप पाल समेत बड़ी संख्या में लोगों ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने धनगर आरक्षण की लड़ाई लड़ने और शिक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय अधिकारियों से उन लोगों के प्रमाण पत्र जारी करने का भी आग्रह किया, जिनके आवेदनों की जांच पूरी हो चुकी है। बघेल ने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी विधायक या सांसद का पद लेने नहीं आए हैं, बल्कि समाज के लोगों से एमएलसी जैसे पद मांगने को कहा। उन्होंने समाज की निर्णायक भूमिका पर भी जोर दिया।



मूर्ति का फीता काटकर अनावरण करते केंद्रीय मंत्री



कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग

मंत्री ने कहा कि केवल प्रतिनिधि बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि ब्लॉक प्रमुख, विधायक, सांसद और बड़े पदों तक पहुंचने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा। समाज के लोगों से उन्होंने अपील की कि यदि जरूरत पड़े तो खेत, मकान, जेवर या अन्य संपत्ति बेचकर भी बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। खासकर अंग्रेजी शिक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने वाले युवाओं को बड़ी कंपनियां बेहतर वेतन पर नौकरी देने के लिए तैयार रहती हैं। सांसद ने मुख्यअतिथि को सरदार पटेल की मूर्ति भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक डॉ0 सुरभि, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक सुशील कुमार शाक्य, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, समाजसेवी सोहनलाल सन्यासी, पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, राहुल राजपूत, राहुल पाल तथा पाल महासभा के जिलाध्यक्ष लल्लूराम पाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप पाल ने सभी अतिथियों और समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। संचालन वीर बहादुर पाल एवं मुकेश देशमुख ने किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय शूटर अनिल कुमार पाल और अभिषेक पाल भी अपनी युवा टीम के साथ मौजूद रहे। वहीं नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने भी राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा अनावरण के उपलक्ष्य में आयोजित महाकुंभ रैली में सातनपुर मंडी में सम्मिलित हुए।

उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा, सुशासन, नारी सशक्तिकरण एवं लोककल्याण का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श हम सभी को समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

